# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 12 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 9 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 08 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ कश्मीरी की सोच बताएंगे विधानसभा चुनाव

'द बकिंघम मर्डर्स' की रिलीज से पहले एकता कपूर ने किये लालबागचा राजा के दर्शन ◂◂ 6


# झारखंड हाईकोर्ट में ब्लैक आउट बिजली जाने से कामकाज प्रभावित

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड में बिजली व्यवस्था बदहाल है। ताजा उदाहरण हाईकोर्ट का है जहां गुरुवार को अदालत की कार्यवाही के दौरान बिजली चली गयी। जिसके कारण पूरे परिसर में अंधेरा छा गया। नतीजा कार्यवाही को थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। इस वजह से सभी लोग परेशान हो गये। ये स्थिति तब है जब हाईकोर्ट के नये भवन में 2000 केवीए का सोलर पावर प्लांट लगाया गया है।

33 केवी विधानसभा और 33 केवी हाईकोर्ट फीडर से दी जाती है लाइटः झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को कार्यवाही के दौरान बिजली चली गयी। इसके वजह से अदालत की कार्यवाही थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। बता दें कि हाईकोर्ट भवन में 33 केवी विधानसभा और 33 केवी हाईकोर्ट फीडर से लाइट दी जाती है। दोनों ही फीडर से लाइट चालू है। इसके बावजूद लाइट चली गयी। हालांकि, थोड़ी देर बाद जनरेटर के जरिये बिजली की सेवा बहाल की गयी। तब जाकर न्यायलय की कार्यवाही शुरू हो सकी।




**क्या है वजहः** मामले की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग और वर्क्स डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। अब तक जो वजह सामने निकलकर आयी है इसके अनुसार वर्क्स डिपार्टमेंट के सिस्टम में कुछ खराबी आ गयी जिसके कारण बिजली चली गयी।

## हाईकोर्ट ने ऊर्जा सचिव को बुलाया

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में काफी देर तक बिजली गुल रहने पर अदालत ने नाराजगी जाहिर की है। गुरुवार को अदालत ने राज्य के ऊर्जा सचिव और मुख्य सचिव को बुलाया। जिसके बाद दोनों हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को आश्वस्त किया कि भविष्य में पावर कट की समस्या ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा जायेगा। साथ ही पावर कट की स्थिति में हाईकोर्ट में बिजली सप्लाई जारी रहे, इसके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी।

## चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर को दहलाने की साजिश नाकाम

### भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर में केरन सेक्टर के जंगल में सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। आतंकियों ने हथियार और गोला-बारूद को गहराई में छिपाया था। बताया जा रहा है कि स्पेशल इलेक्शन ऑब्जर्वर और इंटेलिजेंस एजेंसी द्वारा इसकी जानकारी दिए जाने के बाद भारतीय सेना ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। माना जा रहा है कि इन हथियारों को आतंकियों के आकाओं ने छिपाया था ताकि जम्मू-कश्मीर में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को पाकिस्तान के इशारे पर बाधित किया जा सके। भारतीय सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाया था। इसने बताया कि इलाके की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई, जिसमें एके 47 के कारतूस, हथगोले, आईईडी बनाने में इस्तेमाल सामग्री और अन्य सामान शामिल है। सेना ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति और आगामी घटनाओं को देखते हुए यह बरामदगी महत्वपूर्ण है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में हुई एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया था कि घटनास्थल से 2 आतंकवादियों के शव बरामद किए गए गए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे पाकिस्तान के हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही, घटनास्थल से एक एम-4 कार्बाइन, एक एके राइफल, एक पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद तथा खाद्य सामग्री बरामद की गई है।

## केदारनाथ जा रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, 4 की मौत

**मुजफ्फरनगर :** दिल्ली-देहरादून हाइवे पर आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां ट्रक और कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। चारों लोग उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद के रहने वाले थे। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। यह हादसा नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार गौंडा कस्बा से बुधवार रात रेडीमेड व्यापारी केदारनाथ के लिए अर्टिगा गाड़ी (एचआर 30 एए 2922) से जा रहे थे। हादसा सुबह लगभग 4 बजे हुआ। इसमें सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया गया।

### मैनपुरी में बारिश का कहर

## दीवार गिरने से पांच की मौत, दो बच्चे भी शामिल

**मैनपुरी :** मैनपुरी में बारिश के कहर ने अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों की जान ले ली। बुधवार की रात कुरावली के गांव राजलपुर और भोगांव के शिवपुरी में मकान की दीवारें गिरने से हादसे हुए हैं। दो बच्चों सहित पांच लोग की मौत के बाद घरों में चीख पुकार मची है। पुलिस ने सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

## जमीन घोटाला : एसीबी की छापेमारी दूसरे दिन भी जारी, कई संपत्तियों की मिली जानकारी

**रांचीः** बड़गांई अंचल में कथित जमीन घोटाला मामले में हजारीबाग एसडीओ शैलेश सिन्हा और नोवामुंडी के सीओ मनोज कुमार के ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी दूसरे दिन भी जारी है। गुरुवार को एसीबी की टीम को राधा कृष्णा अपार्टमेंट में मनोज कुमार के दो फ्लैट मिले हैं। वहीं रांची के चिरौंदी में शैलेश कुमार का एक आलीशान घर मिला है। गुरुवार की सुबह इन दोनों ही स्थानों एसीबी की टीम पहुंची है और जांच कर रही है। एसडीओ और सीओ से हो रही पूछताछः हजारीबाग एसडीओ शैलेश सिन्हा और नोवामुंडी के सीओ मनोज कुमार को एसीबी ने बुधवार को हिरासत में लिया था। जिसके बाद दोनों को एसीबी की टीम अपने साथ रांची ले आई ।







न्यूज ब्रीफ



## जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में जेएसएसपीएस ताइक्वांडो कैडेटों ने जीते 8 पदक

**रांची:** झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) के ताइक्वांडो कैडेटों ने 8 से 11 सितंबर, 2024 तक आगरा, उत्तर प्रदेश में आयोजित 41वीं जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुवै छः स्वर्ण पदक और दो कांस्य पदक जीतकर झारखण्ड राज्य का नाम रौशन किया है। हाल ही में जेएसएसपीएस की बॉक्सर अमीषा केरकेट्टा 54 किलो वर्ग में भारत को नेतृतव करते अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में चल रहे अरइउ जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप (27 अगस्त से 10 सितम्बर 2024 ) में रजक पदक हासिल की थी। विभिन्न श्रेणियां में जेएसएसपीएस के ताइक्वांडो कैडेटों - बबिता कुमारी ( 42 किलो वर्ग) , संजना कुमारी (44 किलो वर्ग), ईशा कुमारी (46 किलो वर्ग), अनिशा कुजूर(52 किलो वर्ग), लता कुमारी (59 किलो वर्ग) और अमन मुंडा ( 59 किलो वर्ग) ने स्वर्ण पदक और शिवानी कुमारी एवं विकाश कुमार मुंडा ने कांस्य पदक जीते। जेएसएसपीएस जिसे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं झारखण्ड राज्य सरकार का संयुक्त रूप से संचालन किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है। वर्तमान में जेएसएसपीएस एस० खेल अकादमी में कुल 286 प्रशिक्षु हैं जिन्हें कुल 11 खेल विधाओं जैसे वेटलिफ्टिंग, साईकलिंग , मुक्केबाजी,कुश्ती आदि में निपुण प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।जेएसएसपीएस के ताइक्वांडो के प्रशिक्षक श्री रमेश गिरी ने कहा कि यह जीत सिर्फ नहीं है बल्कि उन सभी के लिए एक संदेश है कि अगर आप दृढ़ संकल्प लें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। सीसीएल के प्रबंधन, जेएसएसपीएस, एलएमसी के सदस्यगण एवं सीईओ जीके राठौर, विभिन्न खेलो के प्रशिक्षकगण, एवं अन्य ने अमीषा केरकेट्टा को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

## पहला आवेदन देने वाले को पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित

**मुरी:** रांची पुलिस द्वारा आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहला आवेदन देने वाले सिल्ली निवासी रिंकी चौधरी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । वहीं पुरुष वर्ग में मनोज चौधरी को नाम आया। सभी आवेदन कर्ता को प्रशासन की ओर से रिसीव कापी दिया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में अवैध लाटरी टिकट की बिक्री, अड्डा बाजी, चोरी की संभावनाओं, फिल्टर पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराने,बालु की अवैध कारोबार समेत दर्जनों शिकायत आवेदन दिया गया।अबुआ आवास को लेकर भी आवेदन दिया गया। राशन डीलर के यहां आन लाइन किए गए उपभोक्ताओं को नाम जोड़ने के संबंध में आवेदन पड़े। प्रशासन में ग्रामीण डीएसपी रणबीर सिंह, सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, मुरी ओपी के सभी अधिकारी, बीडीओ,सीओ मैडम मौजूद थी।

## हेमंत सरकार की योजनाओं और निर्णय से विपक्ष को हो रही परेशानी: रामानंद बेदिया



**सिल्ली :** हेमंत सोरेन की योजनाओं और निर्णय का राजनीतिक काट विपक्ष के पास भी नहीं है ।जिस उद्देश्य से झारखंड अलग राज्य बनाया गया है, उस उद्देश्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दिशा में हेमंत सरकार काम कर रही है।हमारे युवा नेता हेमंत सोरेन आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों एवं पिछड़ों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहे है, जिससे भाजपा आजसू के पेट में दर्द हो रहा है यह बातें झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विस प्रभारी रामानंद बेदिया ने सिल्ली प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत के गोड़ाडीह बाजार में आयोजित पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा। बेदिया ने कहा हमारे युवा नेता हेमंत सोरेन आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों एवं पिछड़ों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहे है। जिससे भाजपा आजसू के पेट में दर्द हो रहा है । ये लोग सबसे अधिक दिनों तक सत्ता में रहे झारखंडियो के हित में कोई काम नही किया, सत्ता से बाहर है तो युवा याद आने लगा है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू महतो, बलराम महतो संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, उपाध्यक्ष अनिल बेदिया दिलीप कुमार महतो, उपेंद्रनाथ महतो पंचायत के मुखिया सावन देवी, भोंदू सिंह नायक, मोहर्रम मोमिन, गदाधर गोस्वामी, कांतो बेदिया, नकुल सिंह मुंडा, शिवचरण घटवार, गन्धर्व घटवार, गोपाल सिंह मुंडा, दशरथ महतो, बेनी सिंह नायक, सोहराय मसली, काजरू घटवार, जेरका बेदिया, लोलो आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल ने किया डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति का घेराव



**रांची :** जिला एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल ने डॉ।श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डा।तपन कुमार शांडिल्य का घेराव किया । इस अवसर पर अमन अहमद ने कहा कि डीएसपीएमयू वेबसाइट द्वारा जारी किया हुआ एकेडेमिक मार्क्स में कुछ ऐसे उम्मीदवार है जिनका सिर्फ एमकॉम है साथ में पीएचडी और नीट है। पर जब,एमबीए/बीबीए की बहाली हो रही है तो वैसे में सभी उम्मीदवारों कि डिग्री जांच की जाए, इनके पास एमबीए की डिग्री है या नही । यूजीसी के दिशा निदेर्शों के अनुसार, एव जेपीएससी और, बीपीएससी में चयन प्रक्रिया के अनुसार जिस विषय को आप पढ़ाते हो, उस विषय में पीजी होना अनिवार्य है । भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करती है की एमबीए/बीबीए में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति मेरिट में आए सभी प्राध्यापको की डिग्री की जाँच किया जाए फिर नियुक्ति किया जाए । मौके पर रोहित पांडे, किश्वर तहरीम, पवन कुमार, हुसैन अंसारी, प्रिंस राज, सरफराज अहमद, सहबान अंसारी व अन्य छात्र नेतागण उपस्थित थे ।

विपक्ष के आरोपों पर हेमंत सोरेन ने कहा-

# 'लोग मतदान से पहले मेरी और पिछली सरकार के काम का करें मूल्यांकन '

मेट्रो रेज

**रांची:** विपक्ष के आरोपों का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि लोग विधानसभा चुनाव में वोट देने से पहले उनकी सरकार और पिछली सरकार के काम का मूल्यांकन करें। गोड्डा जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सोरेन ने लगभग 358 करोड़ रुपये की लागत वाली 147 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए हमें वोट मांगने का पूरा अधिकार है। हमने जनता के लिए काम किया है।




हाल ही में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने आरोप लगाया था कि झारखंड सरकार वोट के लिए योजनाएं लागू कर रही है। आबकारी कांस्टेबल भर्ती भी वोट के लिए की गई। विपक्ष के इन आरोपों पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी को आकलन करना चाहिए कि पिछली सरकारों ने 20 साल तक जनता को कैसे लूटा। हमारी सरकार के पिछले साढ़े चार साल के कार्यकाल में आपको क्या अधिकार मिले।

झामुमो नेता ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) शुरू की है। इससे राज्य की लगभग 50 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। सोरेन ने कहा कि विपक्ष का आरोप है कि हमने वोट के लिए योजना शुरू की है। लेकिन मैं जानता हूं कि गांवों में गरीब लोग आज भी छोटी-छोटी जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई और इलाज के लिए साहूकारों से कर्ज लेते हैं। आने वाले दिनों में सरकार ऐसी योजना लाएगी कि हर घर में एक लाख रुपये की राशि पहुंचे। ताकि लोगों को साहूकारों से कर्ज न लेना पड़े।

उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रामीण झारखंड को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रम शुरू किए हैं। गरीबों, छात्रों, युवाओं और महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर एक साल से अधिक समय से जल रहा है और महिलाओं की इज्जत लूटी जा रही है। लोग पलायन को मजबूर हैं, लेकिन प्रधानमंत्री ने एक बार भी वहां का दौरा नहीं किया। झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

# दिउड़ी मंदिर विवाद मामले में आदिवासी महाजुटान, 29 को जनाक्रोश महारैली



**बैठक में निर्णय**

- 29 सितंबर को टोड़ांग मैदान में आदिवासी जनाक्रोश महारैली का आयोजन होगा।
- संगठन के संचालन के लिए देवरी दीरी आदिवासी जमीन बचाओ अभियान समिति का गठन हुआ। इस समिति में सभी संयोजक रहेंगे।
- इस रैली को सफल बनाने के लिए 32 जनजाति के अगुवा एवं पूरे देश और राज्य के आदिवासी समाज के धार्मिक सांस्कृतिक अगुवा शामिल होंगे।

**रांची:** दिउड़ी मंदिर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पांच सितंबर को ग्रामीणों ने मंदिर में ताला बंदी कर दी थी। मंदिर परिसर में बैठक कर ट्रस्ट के विरोध में भड़काऊ भाषण दिये गये थे। इसके बाद पुलिस ने 18 लोगों पर नामजद और 100 अज्ञात लोगों के पर मामला दर्ज कराया था। दो आरोपी राधाकृष्ण मुंडा और पूर्ण चंद्र मुंडा को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बुधवार को पतरा मैदान में आदिवासी महाजुटान हुआ। इसमें सरना धर्म के गुरु बंधन तिग्गा, देवकुमार धान, प्रेम शाही मुंडा भी शामिल हुए।

पांचवीं अनुसुची, सीएनटी और ग्रामसभा का हवाला देते हुए मंदिर के जमीन पर फिर से मालिकाना हक जताया गया। वहीं ट्रस्ट पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बिना ग्रामसभा की अनुमति के ट्रस्ट का निर्माण कैसे हुआ। इस बैठक में धर्म गुरु बंधन तिग्गा, देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा के अलावा लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, सुरेश सोय, एलेन उरांव, दिनकर कश्यप, कुंदर्शी मुंडा, सेलिना लकड़ा, पंचानंद सिंह मुंडा, सिदाम सिंह मुंडा, सोबरन मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा-

# इलाज के अभाव में आदिम जनजातियों की हो रही मौत

**रांची:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है। आए दिन आदिवासी खासकर विलुप्त हो रहे आदिम जनजाति समाज के भाई-बहनों की मौत इलाज के अभाव में हो रही है। प्रशासन जिम्मेदारी लेने के बजाय एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहा है।

इसे भी पढ़ें झउट हेमंत ने ढट पर कसा तंज, कहा झ मणिपुर एक साल से जल रहा, मुखिया एक बार भी वहां नहीं गए

**साहिबगंज की घटना का किया जिक्र :** बाबूलाल ने साहिबगंज की घटना का जिक्र करते हुए कहा है कि सिमरिया गांव निवासी आदिम जनजाति पहाड़िया मथियम मालतो की छह साल की बेटी गोमदी पहाड़िन, जो डेंगू से पीड़ित थी, की इलाज के अभाव में जान चली गयी। पिता डॉक्टरों की तलाश में इमरजेंसी से लेकर ओपीडी तक भागते रहे, मगर कहीं भी डॉक्टर नहीं मिले, जिसके कारण पिता की गोद में ही बच्ची ने अपना दम तोड़ दिया।



**दुमका की घटना का किया उल्लेख :** बाबूलाल ने दुमका की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि गोपीकांदर प्रखंड के कुंडा पहाड़ी गांव विलुप्तप्राय पहाड़िया जनजाति की 19 वर्षीय गर्भवती महिला प्रिंसिका महारानी की समय पर एंबुलेंस और इलाज न मिल पाने के कारण जान चली गई। तीसरी घटना जामताड़ा जिले के करमाटांड प्रखंड के नेंगराटांड गांव की है, जहां अज्ञात बीमारी से पिछले 22 दिनों के अंदर आदिम जनजाति (पहाड़िया) परिवार के 8 सदस्यों की मौत हो गयी है। अभी भी 10 से अधिक लोग अलग-अलग बीमारी से ग्रसित हैं।

**स्वास्थ्य विभाग लूट खसोट में लिप्त :** पत्र में कहा है कि झारखंड में समय पर इलाज न हो पाने के कारण आए दिन प्रदेशवासियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लूट-खसोट में लिप्त है। पैसे लेकर डॉक्टरों को मनचाहा पोस्टिंग देकर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित कर रही है। दूर-दराज के स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों का पदस्थापन नहीं रहने के कारण मरीज इलाज नहीं करा पा रहे हैं।

**मौत के रहस्यों को करें सावर्जनिक :** बाबूलाल ने सीएम से आग्रह किया है घटनाओं का संज्ञान लेते हुए एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर मौत के रहस्यों को सार्वजनिक करें। संलिप्त व्यक्ति,संस्था,डॉक्टर और अस्पतालों पर कड़ी करवाई करें। साथ ही साथ झारखंड के सभी लोगों के लिए इलाज के पुख्ता इंतजाम कराने के लिए समुचित कार्रवाई भी करें।

पिस्का पंचायत में सुदेश महतो ने किया स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन,कहा-

## उन्नत गांव के बिना विकास की परिकल्पना अधूरी



**रांची:** सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत में स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन आजसू पार्टी के अध्यक्ष सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। महतो ने कहा कि सामाजिक सहभागिता न केवल समाज की एकता और भाईचारे को बढ़ावा देती है, बल्कि लोगों के बीच आपसी सहयोग, समर्थन और समझ को भी मजबूत करती है। सामाजिक सहभागिता और ग्रामीण विकास को नई रफ्तार देने में स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर एक अहम भूमिका अदा करेगा, साथ ही ग्रामीण विकास का यह सशक्त मॉडल भी होगा। स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर के संचालन के लिए गूंज परिवार व अनुदीप फाउंडेशन के बीच एमओयू भी हुआ।

पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि विकसित गांव के बिना विकास की परिकल्पना अधूरी है। समाज की सभी विशेषताओं को एक स्थान पर लाने की हमारी तैयारी है। इस योजना का लाभ बचपन से 55 तक के सभी लोग लेंगे। स्वास्थ्य और शिक्षित परिवार के संकल्प को हम पूरा करेंगे। नई पीढ़ी को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। विकास के इस प्रारूप का आने वाले दिनों में हर जगह अनुसरण किया जाएगा। मौके पर अनुदीप फॉउंडेशन की सीईओ मनिषा बनर्जी, आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सचिव सुनिल सिंह, संजय सिद्धार्थ, शुशील महतो, गौतम कृष्ण साहू, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जितेंद्र बड़ाईक, आरती देवी, सुसैन प्रमाणिक, सिल्ली बीडीओ रेनुबाला, बीडीओ राहे मनोज महान्ता, सिल्ली सीओ अरूनिमा एक्का, सोमरा मांझी, अनिल मांझी, हरिपद मांझी, मीरा देवी, सोमरी देवी व अन्य शामिल थे।

## पेट्रोल भराकर भाग रहे युवकों ने की चाकूबाजी, पकड़ाये

**बोकारो :** सेक्टर 4 स्थित जय जवान पेट्रोल पंप पर तेल भराकर भाग रहे तीन युवकों ने चाकूबाजी की। हालांकि पेट्रोल पंप कर्मचारी की तत्परता से तीनों अपराधी पकड़े गये। कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में ले लिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार को साढ़े सात बजे तीन युवक बाइक से पंप पर पहुंचे और 100 रुपये का पेट्रोल लिया। पेट्रोल लेने के बाद तीनों बिना पैसा दिये भागने लगे। लेकिन पंप कर्मचारी पप्पू ने बाइक को पीछे से पकड़कर रोक लिया। इसके बाद तीनों में से एक युवक ने कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में पप्पू का हाथ जख्मी हो गया। चोट के बावजूद वह तीनों को भागने नहीं दिया। तब तक उसके सहयोगी वहां पहुंचे और



तीनों लड़कों को पकड़कर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद सेक्टर 4 थाने को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में ले लिया। चाकूबाजी से पहले छिनतई की घटना को दिया था अंजामः पकड़े गये तीनों युवक में से एक सेक्टर का रहने वाला है और उसका नाम गोलू बताया जा रहा है। तीनों युवकों ने कुछ देर पहले सेक्टर एक में 12 हनुमान नगर निवासी अभय कुमार का पर्स और मोबाइल छीना था।

# शादी का प्रमाण पत्र बांटने का अड्डा बन गया है आर्य समाज मंदिर

संजय सक्सेना

**आर्य समाज** मंदिर का नाम सुनते ही एक धार्मिक संस्था की छवि सामने आती है,लेकिन अब ऐसा नहीं है। क्योंकि आर्य समाज मंदिर जैसे पवित्र संस्था पर भी कुछ अराजक तत्वों की नजर पड़ गई है। अब यहां शादी के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार किये जाते हैं। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लिया है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि क्या उत्तर प्रदेश में फर्जी तरीके से चल रहे आर्य समाज मंदिर हिन्दू लड़कियों को बरगला कर शादी कराने के अडडे तो नहीं बनते जा रहे हैं। यह चिंताजनक है कि आर्य समाज मंदिर हिन्दू समाज की लड़कियों के लिये बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। यह कथित आर्य समाज मंदिर शादी के नकली दस्तावेज बनाने के अलावा यौन उत्पीड़न,मानव तस्करी और बंधुआ मजदूरी की साजिश में भी लिप्त पाये जाते रहे हैं, लेकिन कभी इसकी जांच नहीं हुई कि ऐसे कथित आर्य समाज मंदिर के पीछे कौन सी साजिशें काम कर रही हैं। अब यह मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंच गया है। हाईकोर्ट ने प्रयागराज में आर्य समाज नाम से संचालित संस्थाओं की विस्तृत जांच का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पुलिस आयुक्त से कहा है कि पता लगाया जाए कि विवाह कराने वाली ये संस्थाएं किस



नाम और पते के साथ किन क्षेत्रों में संचालित हो रही है। किन क्षेत्रों में संचालित हो रही हैं। उनके अध्यक्ष सचिव और पुरोहित जो शादी कराते हैं, उनके बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र की जाए। यह भी पता लगाया जाए कि घर से भागे हुए युवक-युवतियों से ये संस्थाएं किस प्रकार के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाने में इनका मददगार कौन है? लड़के-लड़कियों को कौन संरक्षण देता है? इन संस्थाओं के वित्तीय लेनदेन की भी जानकारी की जाए। संस्थाओं द्वारा शादी करवाने के लिए ली जाने वाली फीस (दक्षिणा) की जानकारी भी करने का निर्देश कोर्ट ने दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने मानसी व अन्य सहित 42 याचिकाओं पर अपर स्थायी अधिवक्ता ओपी सिंह को सुनकर दिया है। न्यायालय ने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि वह अपनी रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में न्यायालय के समक्ष अगली सुनवाई तिथि 25 सितंबर को प्रस्तुत करें। पुलिस आयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी उपस्थित रह सकते हैं। याचीगण का कहना है कि उन्होंने परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी की है वे बालिग हैं। जान को खतरा है। इसलिए उनकों सुरक्षा मुहैया कराई जाए। याची मानसी ने सिविल लाइंस में संचालित आर्य समाज संस्थान का विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया है जो खुद को पंजीकृत संस्था बताते हुए आर्य प्रतिनिधि सभा लखनऊ से संबंध होने का दावा करती है। कोर्ट ने कहा, सभी संस्थाएं पंजीकृत और आर्य प्रतिनिधि सभा लखनऊ से संबंध होने का दावा करती है। पुलिस ने जब इन संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया तो पता चला कि यह विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। दस्तावेज, विशेष कर आधार कार्ड फर्जी पाए गए। शपथ पत्र भी फर्जी मिला। याचियों के नाम और पते गलत मिले। विवाह पंजीकरण अधिकारी इन्हीं फर्जी दस्तावेजों पर विवाह का पंजीकरण कर रहे है। कोर्ट ने कहा, ऐसे विवाहों से मानव तस्करी, यौन उत्पीड़न तथा बंधुआ मजदूरी को बढ़ावा मिलता है। सामजिक असुरक्षा के कारण नाबालिग लड़कियां भावनात्मक व मनोवैज्ञानिक सदमे का शिकर होती है। कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि वह स्वयं जांच की निगरानी करें।

## न्यूज ब्रीफ

### सिपाही-हवलदार की एएसआई रैंक में प्रोन्नति को लेकर बोर्ड की बैठक अगले सप्ताह

**रांची :** सिपाही और हवलदार को एएसआई रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एएसआई रैंक में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का सर्विस बुक तैयार रखने का निर्देश दिया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि इन पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति के लिए प्रोन्नति समिति की बैठक अगले सप्ताह होने की संभावना है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि सितंबर-2021 से पूर्व का प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ न्यायालय में कानूनी कार्यवाही के लिए विधारधीन मामले, कोई गंभीर प्रकृति का आरोप, न्यायिक मामला और आपराधिक मामले को छोड़कर अन्य सामान्य आरोप हो, जिसका निराकरण अबतक नहीं किया गया है, तो वैसे मामलों में संबंधित्त एसपी व डीआईजी मामले का पुर्नसमीक्षा करेंगे और पांच दिनों के अंदर निष्पादन कर लिये गये निर्णय की वस्तुस्थिति से पुलिस मुख्यालय को अवगत करायेंगे।

### धूमधाम से मनाया जायेगा करमा



**रांची:** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यू युवा कर्मा पूजा समिति,मधुकम रूगड़ीगढ़ा,रांची के ओर से मधुकम रूगड़ीगढ़ा मे करमा पूजा महोत्सव पूजा अर्चना एवं नृत्य गान के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। इसकी सफलता के लिए कमिटी बनाई गई है जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष आकाश वर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष सुमित कुमार एवं मीडिया प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा बने। इस कर्मा पूजा महोत्सव का शुभारंभ 14 सितंबर को मुख्यरूप अथिति के रूप मे उपस्थित राज्य सभा सांसद महुआ माजी एवं समाज सेवी आदित्य विक्रम जायसवाल करेंगें। 14 सितंबर को रात्रि मे 8 बजे करमा पूजा के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### वफ्फ बोर्ड संशोधन विधेयक रद्द किया जाये : अमन यूथ सोसाईटी



**रांची :** केंद्र सरकार वफ्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के जरिए वफ्फ बोर्ड की संपत्ति हड़पने की साजिश रच रही है। इसलिए, वफ्फ बोर्ड के संशोधन विधेयक को रद्द किया जाये। ऐसी मांग अमन यूथ सोसाईटी रांची द्वारा आयेजित कैंप में की गई। इस अवसर पर अमन यूथ सोसाईटी के संरक्षक मो असलम, नदिम इकबाल, अफरोज आलम, अफरोज खान, मुनाजीर, शकील राही आदि ने मार्गदर्शन किया।अमन यूथ सोसाईटी रांची और बुद्धिजीवियों की ओर से अपील की जा रही है कि वे मुस्लिम संगठनों के निदेर्शानुसार तैयार प्रारूप के माध्यम से यथासंभव अपनी बात संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजें और यह स्पष्ट करें कि मौजूदा वक्फ कानून सही और पर्याप्त है इसलिए इसे संशोधित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पूर्व वार्ड पार्षद और अमन यूथ सोसाईटी रांची के संरक्षक मो असलम ने कहा कि हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि वक्फ बोर्ड के कुछ जगहों पर गलत काम हुआ है। हम भ्रष्ट लोगों को हटाने के लिए सरकार की मदद लेते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार ने पूरा कामकाज अपने हाथ में लें। हालांकि बोर्ड को सक्षम बनाने के लिए कुछ बदलाव की जरूरत है, लेकिन सरकार को इस बारे में मुस्लिम समुदाय से सुझाव लेना चाहिए। वैसे तो हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष देश है। केंद्र सरकार को वफ्फ संशोधन विधेयक को रद्द करना चाहिए क्योंकि यह विधेयक भारत के संविधान का उल्लंघन है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज, केंद्र सरकार से अदालत ने मांगा है जवाब

**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में बंग्लादेशी घुसपैठिये के मुद्दे पर गुरुवार को एक बार फिर सुनवाई होगी। अदालत ने केंद्र सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत में इस पर सुनवाई होनी है। गौरतलब है कि दानियल दानिश ने जनहित याचिका दायर कर बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश को रोकने की मांग की थी। दायर याचिका में कहा गया था कि साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा जिले में बड़े पैमाने पर बंग्लादेशी घुसपैठ हो रहा है।

5 सितंबर को भी हुई इस मामले की सुनवाईः इससे पहले 5 सितंबर को अदालत ने संताल परगना के कई इलाकों में हो रहे अवैध प्रवासियों के घुसने पर जनसंख्या में हो रहे बदलाव को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता इस सुनवाई के दौरान वर्चुअल रूप से जुड़े थे। उन्होंने कहा था कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश की अलार्मिंग स्थिति है। यह काफी गंभीर मामला है। घुसपैठिये झारखंड के जरिये देश के अन्य राज्यों में प्रवेश कर वहां की आबादी को भी प्रभावित करेंगे।

हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार जवाब दायर करने का दिया था निर्देशः इससे पहले तुषार मेहता ने बताया था कि केंद्र सरकार इस मामले में है। इस संवेदनशील विषय पर केंद्र सरकार अपने सभी स्टेक होल्डर जैसे बीएसएफ, आइबी आदि से विचार-विमर्श कर एक कॉम्प्रिहेंसिव जवाब दायर करेगी। झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार को आवेदन दायर करने का निर्देश दिया था। बता दें कि राज्य सरकार की तरफ से उनका पक्ष महाधिवक्ता राजीव रंजन रख रहे हैं। उन्होंने बताया था कि छह जिलों के उपायुक्त की ओर से पहले ही जवाब दायर किया जा चुका है।



### नगर निगम और निकाय चुनाव से संबंधित याचिका

### हाईकोर्ट ने सिंगल बेंच का फैसला रखा बरकरार

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने नगर निगम और नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो के मामले में सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी है। 28 अगस्त को सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में हुई। सिंगल बेंच ने रौशनी खलखो की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को जल्द चुनाव कराने का निर्देश दिया था, जिसे डबल बेंच ने बरकरार रखा है।

## मातृत्व अवकाश अब कहलायेगा शिशु देखभाल अवकाश, आदेश जारी

**मेट्रो रेज**

**रांची :** मातृत्व अवकाश को अब शिशु देखभाल अवकाश के नाम से जाना जायेगा। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने झारखंड सेवा संहिता 2000 के प्रारूप को स्वीकृति दी है। इसके तहत महिला कर्मियों के साथ पुरुष कर्मियों को भी पितृत्व अवकाश मिलेगा। राज्य सरकार ने छठे केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में यह निर्णय लिया है। इस प्रारूप में राज्य सरकार ने सरकारी महिला कर्मियों के मातृत्व अवकाश की अधिसीमा में वृद्धि करने के साथ पुरुष कर्मियों के लिए पितृत्व अवकाश का प्रावधान किया है।



**जानें क्या है प्रावधान :**

- महिला कर्मियों के लिए समस्त सेवाकाल में दो अवयस्क संतानों की देखभाल के लिए कुल 730 दिनों की शिशु देखभाल अवकाश का प्रावधान किया गया है।
- इस अवकाश के दौरान महिला एकल पुरुष कर्मचारी को यह छुट्टी वेतन प्राप्त होगा, जो छुट्टी पर प्रस्थान करने के ठीक पहले वो प्राप्त कर रही या रहा हो।
- झारखंड सेवा संहिता 2000 के नियम 220 के बाद नया नियम 220 (ए ) शिशु देखभाल अवकाश के रूप में स्थापित किया जायेगा।

## डायन बताकर पांच महिलाओं की हत्या मामले में 17 बरी

**मेट्रो रेज**

**रांची:** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने मांडर के कंजिया, मरई टोली गांव में डायन बता कर पांच महिलाओं की हत्या करने के मामले में 17 अरोपियों को बरी कर दिया गया है। उन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया है। मामला सात अगस्त 2015 का है। इस मामले में मांडर थाना में आठ अगस्त को 2015 को 49 पर नामजद सहित कई अन्य लोगों पर प्राथमिकी करायी गयी थी। जिस दिन प्राथमिकी दर्ज हुई थी, उसी दिन आठ अगस्त को पुलिस ने 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में मांडर पुलिस ने 60 पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। इस मामले में अलग-अलग चार प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके पूर्व इस मामले 13 लोगों को उम्र कैद की सजा भी चुकी है।

**क्या था मामला :** कंजिया के मरई टोली गांव में डायन बताकर पांच महिलाओं रतिया उराइन (60), उसकी बेटी तेतरी उराइन (40), जसिंता टोप्पो ( 55), पल्हो उराइन उर्फ एतवरिया उराइन (50) और मदनी खलखो (55) की गांव वालों ने ही सामूहिक रूप से घर से निकालकर हत्या कर दी थी। सात अगस्त 2015 की घटना को लेकर मांडर थाना में कांड संख्या 91/15 दर्ज करायी गयी थी। पुलिस ने जेवियर खलखो, मोजेस खलखो, विजय खलखो, कृष्णा खलखो, बलदेव खलखो, अरुण बाड़ा, पुनिता खलखो, जोसफिन खलखो, किरण खलखो, कुसुम खलखो, सन्नो खलखो, संदीप एक्का, सचिन खलखो, बबलू कुजूर, जीवन कुजूर, राजा कुजूर, अलविनुस खलखो, क्लेमेंट खलखो सहित 49 नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## जेबीवीएनएल रांची के जीएम सहित 16 अफसरों का तबादला

### मनमोहन कुमार बने रांची एरिया बोर्ड के नए जीएम

**मेट्रो रेज**

**रांची :** जेबीवीएनएल के रांची एरिया बोर्ड जीएम (महाप्रबंधक) पीके श्रीवास्तव समेत 16 बिजली अफसरों का तबादला कर दिया गया है। पीके श्रीवास्तव का तबादला निगम मुख्यालय में महाप्रबंधक (सेल एंड प्रचेज) में कर दिया गया है। वहीं जमशेदपुर एरिया बोर्ड के जीएम श्रवण कुमार को महाप्रबंधक एपीटी निगम मुख्यालय, धनजंय कुमार महाप्रबंधक एपीटी को निगम मुख्यालय में जीएम आईटी और निगम मुख्यालय के महाप्रबंधक तकनीकी सुनील कुमार को जीएम मेदिनीनगर एरिया बोर्ड के पद पर पदास्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

**मनमोहन कुमार बने रांची जीएमः** जीएम के अलावा कई डिप्टी जीएम का भी तबादला किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, उपमहाप्रबंधक डालटेनगंज मनमोहन कुमार को उप महाप्रबंधक रांची के अतिरिक्त रांची एरिया बोर्ड के जीएम का प्रभार दिया गया है। वहीं अजीत कुमार (सेल प्रचेज) निगम मुख्यालय को जमशेदपुर एरिया बोर्ड का उपमहाप्रबंधक राजस्व के अतिरिक्त जमशेदपुर एरिया बोर्ड का जीएम का अतिरिक्त जिम्मा दिया गया है। दीपक कुमार जमशेदपुर अंचल को उपमहाप्रबंधक निगम मुख्यालय (एसओएंडडब्लू) बनाया गया है। इन्हें महाप्रबंधक तकनीकी निगम मुख्यालय का भी अतिरिक्त जिम्मा दिया गया है। जेबीवीएनएल के प्रभारी जीएम आईटी और उपमप्रबंधक स्टोर एवं टीआरडब्लू संजय सिंह को उप महाप्रबंधक पावर प्रचेज निगम मुख्यालय के अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी मुख्यालय बनाया गया है।

**आठ एसई का तबादला, रांची एसई डीके सिंह का तबादलाः** उप महाप्रबंधक चास डीएन साहू को रांची बिजली आपूर्ति सर्किल, विभा कुमारी को राजस्व रांची को प्लानिंग मुख्यालय, गिरिडीह सर्किल के विनय कुमार सिन्हा को कोडरमा सर्किल, रांची सर्किल के दिनेश कुमार सिंह को चास सर्किल, कोडरमा सर्किल के सुधांशु को टीआरडब्लू रांची, सुधीर कुमार को निगम मुख्यालय से जमशेदपुर सर्किल, मुकुल कुमार को हजारीबाग से रामगढ़ सर्किल और संतोष कुमार सिन्हा को रामगढ़ से हजारीबाग सर्किल में तबादला कर दिया गया है।

## ओसिएनिक में गणेश उत्सव संपन्न



**रांची:** अरगोड़ा स्थित ओसिएनिक एग्जोटिका रेजिडेंशियल सोसाइटी के कम्युनिटी हॉल तथा रीतेश कुमार बॉबी अधिवक्ता के ए ब्लॉक में तीन दिवसीय भव्य गणेश पूजन कार्यक्रम संपन्न हो गया। गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापना के पश्चात दर्शन को उत्सुक श्रद्धालुओं का तीनों दिन तक तांता लगा रहा। जिसमें विशेष रूप से झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक रोशन व कई गणमान्यों ने गणपति बप्पा का दर्शन किया गया।

## करकट्टा में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय

**खलारी :** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर करकट्टा दुर्गा मंडप प्रांगण में श्रीदुर्गा-काली पूजा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता इन्द्रजीत सिंह ने की। बैठक में विगत वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। वहीं पूर्व की भांति दुगार्पूजा समिति को यथावत रखते हुए नये सदस्यों को कमेटी में शामिल किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से हर्षोल्लास दुर्गा पूजा व काली पूजा मनाने का निर्णय लिया गया।

## 'मिला क्या' अभियान के तहत बीजेपी सरकार पर साध रही निशाना, पूछ रही तीखे सवाल

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में सभी पार्टियां जुट गयी हैं। चुनाव को देखते हुए राजनीतिक सरगर्मियां जोर पकड़ने लगी है। इसी बीच बीजेपी 'मिला क्या' अभियान लॉन्च कर चुकी है। इस अभियान के जरिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार की समीक्षा की जा रही है। इस अभियान में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार के कार्यकाल में की गई वादों और पूरा हुए वादों की सूची बनाकर उनकी समीक्षा की जा रही है।

बीजेपी का मिला क्या अभियानः मूल रूप से राज्य सरकार द्वारा किए गए वादों और पूरे हुए वादों के बीच के जमीनी अंतर और मौजूद असमानता का आंकलन करने के लिए है। बीजेपी इससे सरकार के प्रभाव पर सवाल उठाएगी। जनता को इससे भी रूबरू करवाना है कि कई क्षेत्रों में अपेक्षाएं पूरी नहीं की गई है। इस चुनावी अभियान के जरिए हेमंत सोरेन और उनकी सरकार द्वारा चुनावों में हुए वादों का मूल्यांकन, समीक्षा की जाएगी।

**इन क्षेत्रों पर है मुख्य फोकसः**

**युवाओं के लिए रोजगारः** सोरेन सरकार ने पहले वर्ष में ही युवाओं के लिए एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था। हालांकि सोरेन सरकार इस वादे को पूरी तरह से पूरा नहीं कर सकी है। बीजेपी ने बताया की कई युवा अब भी बेरोजगार है। इससे पता चलता है कि रोजगार सृजन करने में सोरेन सरकार विफल रही है।



कृषि ऋण माफः हेमंत सोरेन ने किसानों का दो लाख रुपए का लोन माफ करने का फैसला किया था। बीजेपी ने बताया की असल में दो लाख की जगह सिर्फ 50 हजार रुपए की राशि का भुगतान किया जाता है। किसानों का वित्तीय बोझ कम करने के लिए सरकार पर्याप्त कदम नहीं उठा सकी है। निशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाः सरकार ने निशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य का भी वादा किया है। बीजेपी का कहना है कि इसमें व्यापक स्तर पर काम नहीं हुआ है, जिससे ये पहलू काफी अनछुआ रह गया है।

**औद्योगिक विकासः** झारखंड में कई प्रमुख उद्योगों को लाने का वादा हुआ था। मगर ये वादा पूरा होना तो दूर की बात है बल्कि इस वादे में काफी कम काम हुआ है जो उम्मीद से बेहद कम है।

**भ्रष्टाचार से मुक्तिः** जेएमएम सरकार ने वादा किया था कि राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार होगी। वहीं अभियान अभियान के जरिए भ्रष्टाचार के मामलों को प्रकाश में लाना चाहती है। इससे सरकार के प्रति लोगों का विश्वास कम होगा और ट्रांसपेरेंसी भी बनी रहेगी।

**भूमि संशोधन कानून :** राज्य में आदिवासी भूमि को व्यवसायिक अनुमति राज्य सरकार ने दी थी। इसमें संशोधन करने के लिए भी राज्य सरकार की जांच की जाती है। बीजेपी का कहना है की इन संशोधनों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, जिसकी जांच बाकी है।

शराब पर प्रतिबंधः झारखंड में पूर्ण शराब बंद का वादा किया गया था, जो कि आंशिक रूप से लागू हुआ है।शराब पर कुछ क्षेत्रों में प्रतिबंध लगाया गया है। बीजेपी का आरोप है कि ये राज्य सरकार की खामी का ही एक उदाहरण है।

भूख से हुई मौतों की सीबीआई जांच : राज्य में कई लोगों की मौत भुखमरी के कारण हुई थी। इस दिशा में सीबीआई से जांच कराने को लेकर कोई खास काम नहीं किया गया है। इन वादों की भी होगी जांचः सालाना गरीब परिवारों की आय को 72 हजार करना।

- आधार के जरिए राज्य की महिलाओं को लोन देना, जो नहीं दिया है।
- नव विवाहिताओं को सोने के सिक्के देने का वादा हुआ था जो पूरा नहीं किया गया।
- गरीब विधवाओं को भत्ता भूगतान नहीं हुआ है।
- वैवाहिक महिलाओं को 2000 रुपए मासिक दिए जाने का वादा था जो अधूरा है।

जनता के असंतुष्ट होने पर बीजेपी ने बनाई रणनीतिः भाजपा के इस 'मिला क्या' अभियान को जनता ने काफी प्यार दिया है। वादों और प्रदर्शन के बीच के अंतर को बताता ये अभियान जनता के लिए रिपोर्ट कार्ड की तरह है। जनता ने शासन के कई पहलुओं जिसमें रोजगार सृजन, कृषि ऋण राहत, बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध मे चिंताएं है, उन्हें व्यक्त किया गया है। ये प्रतिक्रिया भाजपा की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे मतदाताओं की निराशा झलकती है। भाजपा इन मुद्दों को जनता के सामने पेश कर झामुमो सरकार के लिए परेशानियां खड़ी कर सकती है। खुद को भाजपा बेहतर बताने की कोशिश में जुटी है।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची**
**E-mail ID: jepcranchi1@gmail.com, Phone No. 0651-2444501, 2444502**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची की अति अल्पकालीन निविदा संख्या 3389 दिनांक 11.09.2024 द्वारा राज्य स्तरीय खेलो झारखण्ड 2024–25 के दौरान वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी तथा बड़े वाहन (बस) की व्यवस्था हेतु विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से कोटेशन/ निविदा आमंत्रित की जा रही है।

इच्छुक अधिकृत प्रतिष्ठान/फर्म सीलबंद लिफाफा में राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रॉंची के पदनाम से अपना कोटेशन/ निविदा राज्य परियोजना कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रॉंची में दिनांक 18.09.2024 के पूर्वाहन 11:00 बजे तक समर्पित करेंगे। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोटेशन/ निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसी भी कोटेशन/ निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

अल्पकालीन निविदा संबंधी विस्तृत विवरणी झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रॉंची के वेबसाईट www.jepc.jharkhand.gov.in एवं राज्य कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
राज्य परियोजना निदेशक,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

PR 335420 Jharkhand Education Project Council(24-25).D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(सामान्य शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक 376 (ii)/सा०, दिनांक 12.07.2024 द्वारा खूँटी जिलान्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु निर्गत विज्ञापन सं० 01/2024 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुतिकरण की अंतिम तिथि दिनांक 06.08.2024 तक प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी के क्रम में चौकीदार की नियुक्ति एवं प्रोन्नति हेतु गठित समिति के निर्णय के आधार पर संबंधित आवेदकगणों को सूचित किया जाता है कि जिले के वेबसाईट https://khunti.nic.in अथवा स्वयं से संबंधित अंचल के सूचना पट्ट पर त्रुटि रहित/त्रुटि सहित आवेदनों का अवलोकन कर सकते हैं।

तत्पश्चात् इस संबंध में यदि कोई दावा/आपत्ति हो तो दिनांक–19.09.2024 तक दावा/आपत्ति कार्यालय अवधि के दौरान जिला सामान्य शाखा, उपायुक्त कार्यालय, खूँटी में प्राप्त किया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के आपत्ति आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा/आपत्ति के तहत किसी भी तरह का कोई नया दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आपत्ति/त्रुटि निराकरण हेतु विहित प्रपत्र

| क्र0 | आवेदन क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम/ पता/ मो0न0 | जन्म तिथि | जिस कॉलम संख्या में आपत्ति है, उसका कॉलम संख्या अंकित करें। | आपत्ति का विवरण एवं क्या सुधार किया जाना है, स्पष्ट उल्लेख करें। | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

नोटः– नियुक्ति से संबंधित किसी प्रकार के अवैध ठगी/पैसे की उगाही हेतु आने वाले फोन कॉल से सतर्क रहे। इसकी सूचना निकटतम थाने में अविलम्ब दें।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, खूँटी।

PR.NO.335380 District(24-25):D

## सुविचार

**सत्य से बड़ा तो ईश्वर भी नहीं होता है - महात्मा गांधी**

## सांच को आंच नहीं

**सेबी की** प्रमुख माधबी पुरी बुच पर लगे रहे आरोपों का सिलसिला जैसे थमने का नाम नहीं ले रहा। हालांकि ये सब अभी आरोप ही हैं, जो साबित नहीं हुए हैं। इसके बावजूद इनसे संदेह का माहौल बन रहा है, जो ठीक नहीं है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और यहां का शेयर बाजार भी दुनिया के शीर्ष मार्केट्स में शामिल है। बड़े पैमाने पर यहां विदेशी निवेशक पैसा लगाते आए हैं, जिसके समय के साथ और भी बढ़ने की आशा है। याद किया जा सकता है कि सेबी प्रमुख के पद पर माधबी पुरी बुच की नियुक्ति की खबर अपने साथ काफी पॉजिटिविटी लेकर आई थी। वह इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला तो थीं ही, पहली बार प्राइवेट सेक्टर के किसी फाइनैंस प्रफेशनल को यह पद दिया गया था। जाहिर है, उनसे उम्मीदों का स्तर भी काफी ऊंचा था। ऐसे में उनका कार्यकाल जिस तरह के विवादों में घिरता दिख रहा है, वह वाकई निराशाजनक है। जहां तक सवाल इस स्थिति को बदलने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का है तो उस पर राय बंटी हुई है। एक खेमा विरोधियों और आरोप लगाने वालों का है जिनकी मांग है कि माधबी पुरी बुच को तत्काल सेबी चीफ का पद छोड़ देना चाहिए। दूसरी तरफ ऐसे लोग भी हैं जो मानते हैं कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और इस तरह पद छोड़ देने से विरोधियों के सामने घुटने टेक देने का संदेश जाएगा जो अच्छा नहीं है। लेकिन माधबी पुरी बुच की व्यक्तिगत छवि से ज्यादा बड़ा सवाल शेयर बाजार नियामक सेबी की साख और उसकी विश्वसनीयता का है। अगर यह मान भी लिया जाए कि माधबी पुरी बुच पर लगाए गए सारे आरोप गलत हैं और जैसा कि उनका दावा है, उन्होंने सेबी प्रमुख के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह पूरी सचाई और ईमानदारी से किया है तो यह बात स्थापित कैसे होगी? निष्पक्ष जांच ही इसका एकमात्र रास्ता है। मगर जांच की निष्पक्षता तब तक सुनिश्चित नहीं की जा सकती जब तक कि माधबी पुरी बुच खुद सेबी प्रमुख के पद पर बैठी हैं। समझना जरूरी है कि बाजार नियामक जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता जितनी ही जरूरी है उसकी निष्पक्ष छवि। इसलिए सेबी चीफ जैसे पद पर बैठे व्यक्ति को लेकर किसी विवाद की गुंजाइश न रहे तो बेहतर। इसके लिए बाजार के डगमगाने या लुढ़कने का इंतजार करना सही नहीं होगा। सीधी बात है, उनके ऊपर गंभीर आरोप लगाए गए हैं और उन्हें पद से अलग हटकर जांच का सामना करने का नैतिक साहस दिखाना चाहिए।

## बीजेपी विरोधी वोट बंटेंगे?

**हरियाणा विधानसभा** चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया ब्लॉक में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद आम आदमी पार्टी ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं। हालांकि यह बात पहले दिन से साफ है कि हरियाणा कांग्रेस इस बार किसी से भी गठबंधन करने के पक्ष में नहीं है। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की एंटी इनकंबेंसी के मद्देनजर बीजेपी 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें मिली थीं। हालिया लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आम आदमी पार्टी को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। इसके बावजूद अगर दोनों पक्ष गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे तो उसके पीछे कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व का आग्रह था। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया ब्लॉक की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और बीजेपी पर उसका दबाव बना रहे।

हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडी ब्लॉक साथ मिलकर मजबूती से लड़ता दिखा और अच्छी जीत दर्ज करा पाया तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ेगा। अगर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। जाहिर है, कांग्रेस इस बार ऐसा कोई रिस्क नहीं लेना चाहेगी। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

# कश्मीरी की सोच बताएंगे विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं।

**ए मधुप**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा लिए 18 सितंबर से एक अक्टूबर 2024 तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। नतीजे आठ अक्टूबर 2024 को घोषित किए जाएंगे। इन चुनाव के परिणाम बताएंगे कि कश्मीर की जनता क्या चाहती है। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मूझकश्मीर में बडी तादाद में विकास हुआ। शांति लौटी। रोज की होने वाली पत्थरबाजी से जम्मू-कश्मीर की मुक्ति मिली। सिनेमा हाल खुल गए। पर्यटक आने लगे। मुहर्रम के जुलूस निकलने लगे। कश्मीर में बहुत कुछ बदल गया है, इसके बावजूद देखना यह है कि कश्मीर का मतदाता क्या इस विकास को पसंद करता है,या उसे मजहबी कट्टरता ही मंजूर है।

जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तनों के कारण इनमें से केवल 90 सीटों के लिए चुनाव होना तय है। वर्ष 2019 में जब जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के जरिए जब आर्टिकल 370 को हटाया गया तो राज्य में चुनावी सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू की। मार्च 2020 में एक परिसीमन आयोग की स्थापना की गई। इसकी अंतिम रिपोर्ट मई 2022 में जारी की गई। इस रिपोर्ट ने विधानसभा सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 कर दी। इसमें छह सीटें जम्मू और एक कश्मीर में बढ़ी है।114 सीटों में 24 सीटें पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर के क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं, इसका अर्थ है कि उन पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है, इसलिए, चुनाव के लिए उपलब्ध सीटों की प्रभावी संख्या 90 है, जम्मू संभाग में 43 और कश्मीर संभाग में 47, राज्य का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद यहां पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव दस साल पहले नवंबर-दिसंबर 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई। इसमें मुफ्ती मोहम्मद सईद मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का सात जनवरी 2016 को निधन हो गया। राज्यपाल शासन लगा पर कम समय के लिए लगा। फिर महबूबा मुफ्ती ने वहां मुख्यमंत्री पद के लिए रूप में शपथ ली। पिछली राज्य सरकार से जून 2018 में भाजपा ने पीडीपी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने राज्य विधानसभा भंग कर दी। 20 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।

भाजपा की ओर से हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी घोषणापत्र जारी किया। इसमें आतंकवाद के सफाए और हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण से लेकर कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास तक, भाजपा ने कई प्रमुख वादे किए हैं। अमित शाह ने कहा कि यह क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पार्टी के वादों और योजनाओं के अनुरूप है।

नए जम्मू और कश्मीर' के लिए 25 वादों में से, भाजपा ने 'जम्मू और कश्मीर को राष्ट्र के विकास और प्रगति में अग्रणी बनाने' के लिए आतंकवाद और अलगाववाद को खत्म करने की कसम खाई। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने और अनुच्छेद 370 को हटाने से पहले की राजनीतिक स्थिति बहाल करने का भी वादा किया है। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शंकराचार्य पहाड़ी का नाम बदलकर तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत का नाम बदलकर कोह-ए-मरान करने की बात कही है। इसे कश्मीर की मुस्लिम बहुल आबादी की भावनाओं को भुनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के चुनाव के विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं। बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभाएं शुरू हो गई हैं। जनसंपर्क अभियान चल रहा है। रोड शो निकाले जा रहे हैं। घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब खत्म नजर आ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे का इस तरह विकास किया गया है कि पिछले दिनों श्रीनगर में जी-20 देशों की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम भी श्रीनगर में ही आयोजित किया गया। इसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया।

हालात तो ये बता रहे हैं कि कश्मीर बदल रहा है किंतु जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट लोकसभा सीट से आतंकवादियों को फंडिंग करने के आरोप में जेल में बंद निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख की जीत कुछ और ही इशारा कर रही है। उन्होंने जेल में रहते हुए जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस उमर अब्दुल्ला को दो लाख से भी ज्यादा वोटों से शिकस्त दी है। बारामुला सीट पर रशीद को चार लाख 72 हजार वोट मिले जबकि उमर अब्दुल्ला को दो लाख 68 हजार वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे जम्मू-कश्मीर पीपल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन। उन्हें एक लाख 73 हजार वोट मिले। अब्दुल रशीद शेख के स्थानीय समर्थक अब्दुल माजिद इस जीत पर बीबीसी से कहते हैं कि साल 2019 के बाद जो कुछ भी कश्मीर में हुआ, इंजीनियर रशीद की जीत उसी बात का जवाब है। उनका कहना था कि कश्मीर के युवाओं ने जिस तरह इंजीनियर रशीद का समर्थन किया है, वो इस बात को दशार्ता है कि नई पीढ़ी नए चेहरों को ढूंढ रही है और पारंपरिक राजनीति से तंग आ चुकी हैं। इंजीनियर रशीद को 'आतंकवाद की फंडिंग' के आरोप में यूएपीए के तहत साल 2019 में गिरफ़्तार किया गया था और इस समय वो दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। रशीद अवामी इत्तेहाद पार्टी के संस्थापकों में से एक हैं1 2019 में भी उन्होंने बारामूला से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार उन्होंने बतौर स्वतंत्र उम्मीदवार चुनाव लड़ा था। जेल जाने से पहले इंजीनियर रशीद शांतिपूर्ण तरीके से कश्मीर समस्या को हल करने की वकालत करते रहे हैं। इंजीनियर रशीद जम्मू कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने के सख़्त खिलाफ थे और इस मुद्दे को लेकर वह सड़कों पर भी उतरे थे। उन्होंने इसके विरोध में कई धरने भी दिए हैं। सरकार का दावा है कि 370 हटाने के बाद कश्मीर विकास कि राह पर आगे बढ़ रहा है और जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा भी बार-बार 'नए कश्मीर' की बात कर रहे हैं। लेकिन कश्मीर में कुछ लोग इसे 'जबरन खामोशी' भी कहते हैं। उनका आरोप है कि किसी को खुलकर बात करने नहीं दी जाती है।

इंजीनियर रशीद को चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिल गई है। देखिए क्या होता है। अमेरिका और मित्र देशों ने 20 साल अफगानिस्तान को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए जमकर निवेश किया था, किंतु एक झटके में वह इस्लाम के रास्ते पर चला गया। यही डर है। अभी तो कश्मीर में फौज है। देखना यह है कि बिना फौज के भी कश्मीर का रूख ये ही रहता है, या वह फिर पुराने आतंकवाद के रास्ते पर लौटता है। हालांकि हम भारतीय आशावादी है। आशा करते हैं कि सब ठीक होगा। कश्मीरी नागरिक और युवा नए कश्मीर, विकसित कश्मीर को स्वीकार कर विकास का रास्ता अपनाएगें।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# अतीत और वर्तमान, बाधाओं से जूझती रही हिंदी

राजभाषा के नाम पर इस रस्म को आयोजित होने की परंपरा को विकसित करने में संविधान सभा के उस विधान की बड़ी भूमिका रही, जिसके तहत हिंदी को संविधान लागू होने से पंद्रह वर्षों तक के लिए टाल दिया गया। कहा गया कि इतने दिनों में हिंदी राजकाज में स्थापित अंग्रेजी का स्थान लेने लायक हो जाएगी।

**उमेश चतुर्वेदी**

हिंदी की जब भी चर्चा होती है, दो तरह के भाव आते हैं। इसे लेकर पहला भाव उत्साह और गर्वबोध वाला होता है। हिंदी के क्षितिज के लगातार हो रहे विस्तार और उसके गवीर्ले अतीत को लेकर हिंदीप्रेमी जहां उत्साह से भर उठते हैं, वहीं अंग्रेजी माध्यम से पढ़े गुलामी की मानसिकता वालों के चेहरे पर विद्रूप और व्यंग्यभरी मुस्कान चिपक जाती है। दक्षिण और पूर्वी भारत के कुछ इलाकों के राजनीतिक तो हिंदी से अछूत जैसा व्यवहार करने में स्वयं जहां गर्वबोध का अनुभव करते हैं, वहीं अपने समर्थकों को हिंदी को दुश्मन की तरह मानने के लिए उकसाने में भी पीछे नहीं रहते। इसके बावजूद हिंदी का प्रभाव क्षेत्र बढ़ता जा रहा है, विशेषकर आमजन की बोली-बानी के रूप में यह स्थापित होती जा रही है। इतने सारे विरोध के बावजूद और अड़ंगे के बावजूद हिंदी अगर बढ़ती नजर आ रही है तो मानना पड़ेगा कि उसमें कुछ बात जरूर है। हिंदी के इस प्रभावी हश्र पर इकबाल की पंक्तियां याद आना स्वाभाविक है,

**कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी।**
**सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जमाँ हमारा।।**

हिंदी की राह में आजादी के पहले ज्यादा बाधाएं नहीं थीं। इसकी शायद यह बड़ी वजह रही कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के अगुआ महात्मा गांधी स्वयं हिंदी के हिमायती थे। उनके पहले केशव चंद्र सेन, लोकमान्य तिलक जैसी हस्तियां भी देश के हृदयों को नजदीक लाने में हिंदी की सामर्थ्य को पहचान चुके थे। इसीलिए गैर हिंदीभाषी होने के बावजूद उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन की केंद्रीय भाषा हिंदी को बनाने की कोशिश की और भावी भारत की भाषायी जरूरतों के लिहाज से हिंदी को तैयार करने की कोशिश भी की। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, कर्नाटक हिंदी प्रचार सभा, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति जैसी संस्थाओं की स्थापना का उद्देश्य हिंदी को भावी भारत की भाषायी जरूरत के लिहाज से ना सिर्फ तैयार करना था, बल्कि भारतीय भाषाओं के बीच मजबूत सेतु के रूप में स्थापित करना भी था। हिंदी इस दिशा में आगे बढ़ती रही। कांग्रेस के दस्तावेज भले ही अंग्रेजी बनते रहे, लेकिन बहसों और उसके वार्षिक अधिवेशनों की भाषा हिंदी ही रही। 1938 में कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने के बाद हिंदी के इस प्रभाव को सुभाष चंद्र बोस ने भी समझा और बाकायदा हिंदी सीखी। कांग्रेस अध्यक्ष के नाते पार्टी के वार्षिक अधिवेशन को उन्होंने हिंदी में ही संबोधित किया था, जिसकी रिकॉर्डिंग आकाशवाणी के आर्काइब में आज भी सुरक्षित है। उनकी मीठी हिंदी एक तरह से मोहती है। उसे सुन लगता है कि स्वाधीनता संग्राम में हिंदी किस तरह सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही थी।

जिस हिंदी का ऐसा इतिहास रहा हो, जिसे विनोबा जैसे संघर्षशील और त्यागी-तपस्वी व्यक्ति ने अपनी भाषायी तपःसाधना का माध्यम बनाया हो, उसे स्वाधीनता के बाद तेजी से विस्तारित होना चाहिए था। वह विस्तारित तो हुई, लेकिन उस रूप में स्थापित नहीं हुई, जिस रूप में स्वाधीनता सेनानियों ने सोचा था। राजभाषा की उसे पदवी तो मिली, लेकिन वह रस्मी ही साबित हुई। राजभाषा की भूमिका सरकारी दफ्तरों में सिर्फ हिंदी पखवाड़े या महीने में कार्यालयों में रस्मी निबंध, कहानी और कविता प्रतियोगिता आयोजित करने और किसी हिंदी विद्वान को बुलाकर उंघते और उबते कर्मचारियों के बीच भाषण कराने तक सीमित रह गई। हिंदी दिवस पाखंड बन कर रह गया। अच्छी बात यह कह सकते हैं कि इस बहाने सरकारी कार्यालयों के कुछ कर्मचारियों को कुछ नगद रकम बतौर पारितोषिक मिल जाती है, और बाकी कर्मचारियों को मिठाई और नाश्ता आदि और फिर हिंदी की पूरे वर्षभर के लिए राजभाषा के रूप में इतिश्री हो जाती है।

राजभाषा के नाम पर इस रस्म को आयोजित होने की परंपरा को विकसित करने में संविधान सभा के उस विधान की बड़ी भूमिका रही, जिसके तहत हिंदी को संविधान लागू होने से पंद्रह वर्षों तक के लिए टाल दिया गया। कहा गया कि इतने दिनों में हिंदी राजकाज में स्थापित अंग्रेजी का स्थान लेने लायक हो जाएगी। लेकिन इसी बीच अंग्रेजी समर्थकों, हिंदी विरोधी कहना ज्यादा समीचीन होगा, ने हिंदी के खिलाफ षडयंत्र जारी रखा। इसके लिए उन्होंने अंग्रेजी को हिंदी की तुलना में ज्यादा गंभीर और प्रभावी रूप से स्थापित किया। इतना नहीं, इस बीच हिंदीतर दूसरी भारतीय भाषाओं के मन में हिंदी को लेकर लगातार जहर भरा जाता रहा। इसमें अंग्रेजी शिक्षा और उसके जरिए मिलने वाली सुख-सुविधाएं और बेहतर नौकरियों ने बड़ा योगदान दिया। अगर आजादी के तुरंत बाद हिंदी को लागू कर दिया जाता और हिंदी को विकसित करने के तर्क को परे सरका दिया गया होता तो आज हिंदी कुछ उसी तरह स्थापित होती, जैसे इंडोनेशिया और तुर्की में हुआ। इसे संयोग ही कहेंगे कि भारत से ठीक दो वर्ष पहले 17 अगस्त 1945 को इंडोनेशिया डच शासन से मुक्त हुआ था। तब तक इंडोनेशिया के राजकाज की भाषा डच होती थी। लेकिन आजादी मिलते ही इंडोनेशिया के शासक सुकर्णो ने तुरंत अपनी भाषा ह्यबहासा इंडोनेशियाह्न को लागू कर दिया। कुछ इसी तरह 23 अक्टूबर 1923 को जब आधुनिक तुर्की गणराज्य की स्थापना हुई, तब वहां के स्वाधीनता सेनानी और शासक कमाल अतातुर्क ने तत्काल तुर्की भाषा को राजकाज की भाषा के रूप में लागू कर दिया। अगर भारत में भी कुछ हिंदी के साथ ऐसा ही हुआ होता तो निश्चित तौर पर इतिहास और परिदृश्य दोनों अलग होते।

स्वाधीन भारत से एक और गलती हुई है। वैसे इसे गलती मानें या जानबूझकर रचा गया हिंदीविरोधी षड्यंत्र कहें। स्वाधीन भारत की नौकरशाही की भाषा अंग्रेजी ही रही। या यूं कहें कि हिंदी या भारतीय भाषाओं की बजाय अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए ऐसी राह तैयार की गई कि वे ही नौकरशाही में आ सकें। भारतीय भाषाओं को संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षाओं का माध्यम बनाने के लिए आंदोलन चला तो उसके दबाव में भारतीय भाषाएं आयोग की परीक्षाओं का माध्यम बनीं तो लेकिन परीक्षाओं और चयन प्रक्रिया का ढांचा ऐसा बना रहा कि अंग्रेजी माध्यम के छात्र ही ज्यादा चुने जाते रहे। हिंदी या भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षित इक्का-दुक्का विद्यार्थी अगर नौकरशाही में प्रवेश पाने में सफल रहे भी तो उनकी स्थिति ह्यनक्कारखाने में तूती की आवाजह्न जैसी रही। नरेंद्र मोदी के उभार और मोदी-शाह की जोड़ी के हिंदी प्रेम के चलते नौकरशाही में हिंदी के प्रति रूझान दिखा। नौकरशाही की भाषायी सोच में परिवर्तन आता दिखा भी। लेकिन अब पीछे मुड़कर देखते हैं तो लगता है कि वह नौकरशाही की रणनीतिक चाल रही।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# आज से शुरू हो रहा है महालक्ष्मी व्रत

**व्रत-त्योहार**

वैसे तो हम सभी रोजाना अपने घर के मंदिर में मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। लेकिन मां लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए महालक्ष्मी व्रत बेहद खास माना गया है। हर साल भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से महालक्ष्मी व्रत शुरू किया जाता है। इस व्रत का समापन अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को होता है। धन की देवी मां लक्ष्मी का यह व्रत 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने से भाग्य, धन, सौंदर्य, समृद्धि और शक्ति में वृद्धि होती है। वहीं विवाहित महिलाएं दांपत्य जीवन में खुशहाली के लिए यह



व्रत करती हैं।

बता दें कि इस बार 11 सितंबर 2024 से महालक्ष्मी व्रत शुरू हो रहा है। वहीं 24 सितंबर 2024 को इस व्रत का समापन होगा। इस दौरान जो भी जातक मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करता है, उसके जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता का वास होता है। साथ ही जातक को धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महालक्ष्मी व्रत की पूजा और नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## आपके पत्र

### हिंदी की ताकत बढ़ाने के लिए अंग्रेजी पढ़ना जरूरी

पिछले दिनों हम लोग एक कार्यशाला में काम कर रहे थे, जहां नृतत्व शास्त्र (ऐन्थ्रोपॉलजी) के कुछ पाठ तैयार किए जा रहे थे। हमें कम शब्दों में 'एनिमिजम' की व्याख्या करनी थी। यह प्रस्थापना ब्रिटिश समाजशास्त्री एडवर्ड टायलर ने उन्नीसवीं सदी के आखिरी वर्षों में पेश की थी। टायलर का मानना था कि आदिम समाजों में किसी संगठित धर्म का अस्तित्व नहीं होता था। प्राचीन आदिम समाजों से लेकर अभी के कबीलों तक के लोग ऐसी धारणा रखते आए हैं कि प्रत्येक वस्तु (आदमी, पेड़ या पत्थर) में एक आत्मा निवास करती है। जब तक वह आत्मा शरीर में रहती है, शरीर जीवित रहता है। लेकिन जब वह निकल कर बाहर चली जाती है, तो शरीर मृत हो जाता है। शरीर के खत्म हो जाने के बावजूद आत्मा का अस्तित्व बना रहता है। टायलर के अनुसार आदिम लोग यह मानते रहे हैं कि आत्मा शरीर से सिर्फ एक बार और अंतिम रूप से बाहर नहीं निकलती। बल्कि वह यूं भी शरीर से निकल कर विचरण करती है। जैसे, नींद की अवस्था में हमारी आत्मा शरीर को मरा हुआ जैसा छोड़ कर बाहर घूमती-टहलती है। उसके इसी विचरण को हम स्वप्न की तरह देखते हैं। आदिम समाज की इस समझ के बारे में टायलर द्वारा दिए गए विवरण के और भी कई पक्ष थे। जैसे पशु, पेड़-पौधे, पत्थर, पहाड़, नदी, सूरज और चांद- इन सब में आत्मा का वास है। सूरज उगता है, चांद डूबता है, नदी बहती है, नाराज हवा अंधड़ ले कर आती है, और बादल मनुष्यों के प्रति अपनी खुशी या नाराजगी का इजहार करने के लिए बरस कर या बिना बरसे चले जाते हैं।

**बालमुकुंद**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में डीसी ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



मेट्रो रेज

**जामा।** प्रखंड के नवाडीह पंचायत में बुधवार को आयोजित आपकी योजना- आपकी सरकार,आपके द्वार' कार्यक्रम में उपायुक्त आंजनेयुल दोड्डे ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर कई कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और अबतक किए गए शिकायतों के निष्पादन की सूची का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों को इस शिविर का लाभ लेने के लिए अपने स्तर से प्रेरित करने का भी कार्य करें। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए उचित कार्रवाई को लेकर मौके पर मौजूद प्रखंड के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी स्टॉल पर मौजूद विभागीय पदाधिकारी और कर्मी को ग्रामीणों से अच्छा व्यवहार रखते हुए आवेदन भरने में आती कठिनाई को दूर करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने आठवीं वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। साथ ही उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के तहत सखी मंडल के 8 दीदियों को 3.60 लाख रुपये का ऋण वितरण किया। इस दौरान नावाडीह गांव के ग्रामीणों ने वज्रपात से 25 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने का लिखित आवेदन डीसी को दिया। जिसपर उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को अविलंब ट्रांसफार्मर की मरम्मती कराने का निर्देश दिया। मौके पर जेएमएम के जिला सचिव शिवकुमार बास्की, बीडीओ डॉ. विवेक किशोर, सीओ अशोक बड़ाईक, सत्तार खां, मानव कुमार गण, संजीव कुमार दास, जितेंद्र कुमार साह, मानिकचंद सेन सहित सभी प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

# भाजपा की रायशुमारी में जमकर हुआ हंगामा



**जामा।** जामा स्थित फौजी लाइन होटल में बुधवार को जामा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशी चयन के लिए रायशुमारी कार्यक्रम में जमकर हंगामा हुआ। दो गुटों के बीच धक्का-मुक्की तक हो गयी। बैठक में वर्तमान जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद एवं जिला महामंत्री मनोज पांडेय को पहले हटाने की मांग किया गया तभी रायसुमारी लिया जाय। इस बात पर भाजपा कार्यकर्ता पहले अड़े रहे और इस बात को लेकर विधानसभा प्रभारी विधायक राज सिन्हा एवं सह प्रभारी रमेश राही से शिकायत किया गया। झड़प करने वाले लोग दो नेता समर्थक बताए जा रहे हैं। इस हंगामे की वजह से रायशुमारी में वोट देने आये कार्यकर्ता मायूस होकर लौट गये। रायशुमारी कार्यक्रम में हंगामा पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयप्रकाश यादव ने बताया कि रायशुमारी में वोटिंग होनी थी। परंतु ज्यादा विरोध को देखते हुए प्रभारी राज सिंहा एवं सह प्रभारी रमेश राही निकल गये। बैठक में पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन, भाजपा नेता सुरेश मुर्मू, राजू पुजहर, विमल मरांडी, कालेश्वर मुर्मू, रमेश मुर्मू, सुखलाल सोरेन, इंद्रकांत यादव, राजू प्रसाद दर्वे, मनोज हांसदा, विशु टुडू, रंजीत मांझी, शक्ति दर्वे, विनय यादव, रामयश मांझी, निरंजन मंडल, मुन्ना यादव, जयकांत मंडल, अरूण यादव, सीताराम यादव, नलिन मंडल, किशोरी साह, कालेश्वर लायक आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर थाना परिसर में पौधरोपण किया गया



**साहिबगंज :** गंगा मिशन कोलकाता की ओर से गंगा हरित अभियान के तहत पौधा वितरण और पौधा रोपण अभियान के तहत गुरुवार को सातवे दिन पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय, राजस्थान इंटर विद्यालय, पब्लिक हाई स्कूल,शहरवासियों कुल 107 लोगो को आम, अमरूद, नींबू, कटहल, शरीफा, अनार, मोहग्नी, नीम, अर्जुन का पौधा वितरण जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के हाथो किया गया। वही गंगा मिशन की ओर से जिला कृषि पदाधिकारी व नगर थाना प्रभारी को आम का पौधा देकर सम्मानित किया। नगर थाना प्रभारी ने नगर थाना परिसर में पौधारोपण किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने अपने विभाग परिसर में पौधारोपण किया। मौके पर रत्न अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, सुशील भरतीया, सुरेश निर्मल, बबलू चौधरी, संजय पटेल, नवीन कुमार, राजस्थान स्कूल के शिक्षक, छात्र छात्राएं सहित शहरवासी उपस्थित थे।

### सात पुलवा के समीप से युवक का शव बरामद



**साहिबगंज :** जिरवाबड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनशाही स्थित सतपुलवा के नीचे पानी से बुधवार की सुबह पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सतपुलवा के नीचे बाढ़ के पानी में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। इधर डॉ शाहबाज हुसैन ने शव का पोस्टमार्टम किया। फिलहाल शव को शिनाख्त के लिए मर्चरी में रखा गया है। इधर लोहंडा निवासी गिरधारी लाल ने थाना पहुंच कर पुत्र का शव होने का दावा किया। उसने बताया कि शव उसके पुत्र सोनू कुमार 27 का है। उसे मिर्गी की बीमारी थी और दिमाग थोड़ा ठीक नहीं था। पेट्रोल पंप में पानी लाने का काम करता था। 9 सितंबर को भी पानी लाकर दिया था। इसके बाद उसे वहां खोजने गए थे तो नहीं मिला था। जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### पानी में तैरता युवक का शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सतपुलवा पेट्रोल टंकी के पास पानी में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मृत यूवक लोहणडा निवासी सोनु कुमार के रूप मे हुआ है।

### पड़ोसी के साथ विवाद में मारपीट युवक घायल

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के गुमानी पंचायत के जमालपुर गाँव में आपसी विवाद मे एक युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार जमालपुर निवासी अली मोहम्मद के पुत्र शब्बीर आलाम उम्र 26 वर्ष को किसी बात को लेकर पडोसी से कहा सुनी होते होते मामला मार पीट पर पहुँच गया।जिससे शब्बीर आलाम बुरी तरह से घायल हो गए। वही परिवार के द्वारा इलाज हेतु राजमहल अनुमंडल अस्पताल लाया गया।जहाँ डाक्टर के द्वारा प्राथमिकी किया गया।

### निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्यों को पूरा करे : उपायुक्त



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में भवन प्रमंडल द्वारा जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की उन्होंने योजनाओं में एकरारनामा के अनुरूप कार्य पूर्ण होने की तिथि तथा कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की योजना वार विवरणी प्रस्तुत करने का निदेश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को दिया गया। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि लंबित योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। उपायुक्त ने कहा कि अस्पताल संबंधित निमार्ण योजना, शौचालय का निर्माण, आंगनबाड़ी निमार्ण के कार्यों को आगामी विधानसभा सभा चुनाव से पूर्व समाप्त करने का निर्देश दिया।बैठक में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल मृत्युंजय कुमार देहरी, सहायक अभियंता कनीय अभियंता उपस्थित थे।

### दो दशक बाद भी खेतों में नहीं पहुंचा पानी : खुशबू

पलामूः चुनाव में हर जगह लोगों के कुछ मुद्दे होते हैं। मतदाता उन्हीं मुद्दों पर अपना मत देती है। इसी तरह से पांकी में बड़ा मुद्दा सालों से अधूरा पड़ा अमानत बराज है। इसे लेकर आम जनता से लेकर हर क्षेत्र के लोग गंभीर हैं। इसमें पांकी मध्य जिला पार्षद खुशबू कुमारी भी हैं। खुशबू ने इस पर कहा कि पांकी स्थित अमानत नदी पर बराज निर्माण के लिए शिलान्यास के दो दशक हो चुके हैं। जब यह शिलान्यास हुआ और किसानों से उनकी जमीन ली गई, तब उनके सपने थे कि उनके खेतों में पानी पहुंचेगा। लेकिन दो दशक बाद भी खेतों में पानी नहीं पहुंचा। उनके सपने अधूरे रह गए।बराज के निर्माण में लगे लोहे के हिस्से अब जंग लग चुके हैं। आज भी जब किसान इस बराज को देखते हैं, उनकी उम्मीदें जाग जाती हैं कि शायद खेतों में पानी पहुंचे, लेकिन कब पहुंचेगा, यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। चुनाव में किसानों और मजदूरों के मुद्दे कभी भी प्रमुख नहीं रहे हैं। जो भी सांसद और विधायक बने हैं, वे जनता के सवालों से दूर रहे हैं। किसानों के मुद्दे सदन में उठे इसके बजाय, सदन के अंदर सांप्रदायिक मुद्दों और अन्य विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# उत्तर पियारपुर पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रखंड उधवा के पंचायत उत्तर पियारपुर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विशाल पांडे मुखिया आजाद शेख एवं अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया।कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की जितनी भी जन कल्याणकारी योजना संचालित है उसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे इसलिए सरकार आपके द्वार आई है। सरकार और प्रशासन का प्रयास से आम जन को योजना का लाभ दे कर उनके आजीविका को ऊंचा करते हुए



एक विकसित समाज का निर्माण करना है। बहुत सारी योजना ऐसी है जिसकी जानकारी आम जन को नहीं होती है। पूरा प्रखण्ड और अंचल के सभी पदाधिकारी और कर्मी यहां आए है। उनके पास आ कर योजना का लाभ ले। तत्पश्चात सांकेतिक रूप से कल्याण मंच के द्वारा जिला समेकित योजना के तहत शिक्षा विभाग की छात्राओं के बीच साइकिल वितरण की राशि, जेएसएलपीएस के द्वारा दीदी समूह को सहायता राशि का वितरण किया गया। इस शिविर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का स्टॉल लगा कर उन्हे लाभ दिया जा रहा है। अब तक झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सर्वजन पेंशन योजना , खाद्य आपूर्ति में पीएम किसान मनरेगा जॉब कार्ड, पशु पालन विभागअबुआ आवास योजना के लिए सर्वाधिक लाभुक ने आवेदन किया। मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशियों को लेकर हुआ रायशुमारी कार्यक्रम

**साहिबगंजः** आगामी राजमहल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपने राजमहल क्या विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशियों को लेकर जिले की प्रमुख कार्यकताओं का बुधवार को राजमहल विवाह भवन में रायसुमारी कार्यक्रम किया गया। भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा पर्यवेक्षक विनय सिंह एवं संजीव अग्रवाल की देखरेख में जिला के प्रमुख कार्यकर्ताओं नेताओं की रायसुमारी की गई।भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार राजमहल विधानसभा क्षेत्र के लिए भावी भाजपा प्रत्याशियों के नाम में से अनंत ओझा,बजरंगी प्रसाद यादव,उज्जवल मंडल,राजेश मंडल,अमित कुमार सिंह,गणेश तिवारी,रणधीर सिंह, कमल कृष्ण भगत एवं वरुण मंडल का नाम कार्यकर्ताओं के द्वारा दी जा रही



है।वहीं सभी संभावित प्रत्याशियों में से अनंत ओझा, गणेश तिवारी, अमित कुमार सिंह, बजरंगी प्रसाद यादव किसी दूसरे विधानसभा क्षेत्र में मीली जिम्मेदारी के कारण रायसुमारी कार्यक्रम से नदारद रहे। बताया गया कि चुकीं बुधवार को झारखंड प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं की रायसुमारी कार्यक्रम की जा रही है।मोके पर जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, रामदरस यादव, पूर्व प्रदेश महामंत्री कमल भगत, बम बम मंडल, राजेश मंडल, रामानंद साह, आनंद सिन्हा, अरविंद गुप्ता, शत्रुघ्न यादव, संजय मंडल, सीताराम सिंह,सुनील प्रमाणिक, विक्रम सरकार, काजू मलिक, पंकज घोष, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शाहजहां काजू, कयूम अकरम, हाशिम अंसारी गयासुद्दीन चुन्ना, गरीमा सिंह, शैला दयाल सुनीता देवी सुनील सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चिकित्सकों पर ऑपरेशन में देर करने का लगाया आरोप

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में प्रसव के लिए आई महिला मंडरो निवासी अकलीमा खातून के स्वजनों ने सदर अस्पताल में जम कर हंगामा किया हैं। स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही बरतने एवं ऑपरेशन देरी से करने का आरोप लगाया हैं।

इधर अस्पताल के सुरक्षा गाड्र्स द्वारा स्वजनों को समझा बूझकर शांत करवाया गया। गर्भवती महिला के भाई खालीद अनवर ने बताया कि मंगलवार की रात्रि अपनी बहन अकलीमा खातून के प्रसव के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी स्थिति काफी गंभीर थी। दर्द से वह छटपटा रही थी। स्वास्थ्य कर्मियों से जल्द से जल्द इलाज शुरू करने का आग्रह किया लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों ने डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने की बात कही साथ ही ऑपरेशन करने की बात कही। हालत ज्यादा बिगड़ने पर तो वह लोग लेबर रूम ले जाकर जांच की और सुबह नौ बजे ऑपरेशन करने की बात कही। कहीं की डॉक्टर आएंगे जांच करेंगे उसके बाद ही ऑपरेशन होगा। मेरी बहन रात भर दर्द से छटपटाती रही लेकिन किसी ने दवा दारू नहीं चलाया। 10 से 11 घंटा बीत जाने के बावजूद ऑपरेशन नहीं हुआ।इधर डीएस डॉ रंजन कुमार ने बताया कि डॉक्टर की कमी के कारण इस तरह की समस्या आ रही है एनेस्थीसिया डॉक्टर की कमी है। बाहर से आते हैं। समय लगता है। सदर अस्पताल में ऑपरेशन लगातार किया जा रहा है।

# डेयरी फार्मिंग वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ,अतिथि प्रशिक्षक बिनोद कुमार एवं आरसीटी वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार और उपेन्द्र गोप ने दीप प्रज्वलित कर प्रक्षिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।इन प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 9 प्रखंडों से आए हुए कूल 30 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया।राजहंस कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं जो कि निशुल्क है आप प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना खुद को रोजगार कर बेरोजगारी को दूर कर




सकते हैं जिसमें बैंक आपको सहयोग करेगा अपने कार्यों को स्टार्ट करने मे आरसेटी प्रशिक्षक ने कहा की प्रशिशुओं को स्वामलंबी बनने हेतु उसको मोटिवेशन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गेमों के माध्यम से जैसे रिंग टॉस, टॉवर मेकिंग,बोट बिल्डिंग, आइस ब्रेकिंग से भी उन्हें उत्साहित किया जाता है।ताकि उसके अंदर उद्यमशीलता की भावना जागृत हो और स्वयं को रोजगारी बनाएं।मौके पर आरसेटी के वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार, प्रशिक्षक उपेन्द्र गोप सहायक रंजीत कुमार, आकाश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# दहेज हत्या के आरोपी पति, सास व ससुर को उम्र कैद

**लातेहार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति, सास एवं ससुर को उम्रकैद की सजा सुनाया है। प्रभारी जिला अभियोजन पदाधिकारी अशोक कुमार दास के अनुसार पल्हेया ग्राम निवासी मधु देवी की शादी 13 अप्रैल 2021 को सुनील सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल वाले उससे पैसा और गाड़ी की मांग कर प्रताड़ित करते थे। महज छह माह के भीतर गत 26 सितंबर 2021 को मधु देवी का शव गांव के ही महुआ के पेड़ से लटकता पाया गया था। मधु देवी की माता प्रमिला देवी ने दामाद सुनील सिंह, सास सुष्मिता देवी एवं ससुर सतन सिंह के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का मुकदमा मनिका थाना कांड संख्या 99/ 2021 भादवि की धारा 304 बी के तहत दायर कराया था।

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक संपन्न, दुर्गा-पूजा की तैयारियों को लेकर चर्चा

**लातेहार :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गयी। संरक्षक विनोद कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सामुहिक सहयोग से इस बार भी धूमधाम से दुर्गा-पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दुर्गा-पूजा की तैयारियों की समीक्षा की गयी। साथ ही कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। बैठक में पूजा, चंदा क्लेक्शन, टेंट व लाइट, साउंड और साज-सज्जा के लिए सभी में दायित्वों का बंटवारा किया गया। अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला) ने सभी दायित्वों को पूरी निष्ठा व लगन से निभाने का आग्रह किया। सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि माता की प्रतिमा चतरा के मूर्तिकार किशोर राय बना रहे हैं।



समिति की बैठक में मंदिर के ऊपरी तल्ले के कमरों के सुंदरीकरण कार्य की भी समीक्षा की गयी। टैगोर ने बताया कि कुल पांच लोगों ने एक-एक कमरे के सुंदरीकरण का खर्च वहन करने की सहमति दी थी। लेकिन अभी तक मात्र एक ही कमरे के लिए सहयोग राशि मिली है। समिति ने अन्य सहयोगदाताओं से सहयोग राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। बैठक में संरक्षक त्रिभुवन पांडेय, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अजीत सिन्हा, रविंद्र प्रजापति, दीपक विश्वकर्मा, पंकज प्रसाद, संजय प्रसाद, संतोष दुबे, उज्जवल कुमार छोटू, आकाश कुमार जायसवाल, राजू अग्रवाल, पुजारी रामेश्वर पांडेय व पारितोष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**लातेहारः** स्वच्छ भारत अभियान पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतिम दिन सेंट क्लारेट स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के संकल्प को बताया और स्वच्छता के प्रति सभी तरह के जबाबदेही को अपनाने का संकल्प लिया गया। स्वच्छ भारत अभियान के पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के द्वारा कई कार्यक्रम का आयोजन 15 दिनों तक किया गया। स्कूल परिसर के साथ साथ स्कूल के आस पास के गांव और सरकारी स्कूलों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।



स्कूल के प्राचार्य फादर जॉर्ज ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में स्कूल प्रबंधन के द्वारा यह अभियान 15 दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में इम्तियाज आलम, फ्रांसिका समद, नीता सिन्हा, नेहा शर्मा, गब्रिल पेमें, एब्रॉय पेमें, मानसी गुप्ता, नेहा रानी, सिस्टर बरना डेथ, सिस्टर अंजू, मनोज बेक, समेन्द्र टोप्पो, मार्थ, अखा लोपहरो, रश्मि सिंह, रजनी चावला, राजकिशोर मंजूला, सुचिता, कृति टोपनो, यशी शेखर राजपूत, नवी हेब्रम व अंशु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मलाइका के पिता अनिल मेहता की डायरी में छिपी मौत की वजह!

## तलाश में जुटी मुंबई पुलिस, कहीं डिप्रेशन तो कारण नहीं?






**एक्ट्रेस मलाइका** अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा के आत्महत्या करने की जांच मुंबई पुलिस ने शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने भी मुंबई के बांद्रा इलाके में उस बिल्डिंग की जांच की है, जहां की छत से कूदकर अनिल अरोड़ा ने आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि हम मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। पहली नजर में ये आत्महत्या ही लग रही है। बाकी जानकारी जांच के बाद ही पता चलेगी।


जब यह घटना तब हुई, जब घटी तब मलाइका अरोड़ा मुंबई में नहीं थीं, अब वह घर वापस आ गई हैं। मलाइका के पूर्व पति और कई अन्य लोग उनके घर पहुंच रहे हैं। मुंबई पुलिस जोन 9 के पुलिस अधिकारी डीसीपी राज तिलक रोशन ने बताया, "अनिल अरोड़ा 62 साल के थे। उसका शव मिल गया है। वे छठी मंजिल पर रहते थे। हमारी टीम यहां पहुंच गई है और हम आगे की जांच कर रहे हैं। 'जब उनसे पूछा गया, क्या सुसाइड नोट मिला है? उन्होंने बताया, ₹हम अब गहन जांच कर रहे हैं, सभी कोणों से जांच कर रहे हैं।' मलाइका के पिता मर्चेंट नेवी में थे। उन्होंने मलयाली क्रिश्चियन जॉयस पॉलीकार्प से शादी की। इस जोड़े के दो बच्चे हैं मलायका और अमृता। जब मलायका 11 साल की थीं तब उनके माता-पिता का तलाक हो गया।

## अंकिता लोखंडे पति विक्की के साथ हुई रोमांटिक

अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पति विक्की जैन के साथ एक तस्वीर शेयर की। जिसमें दोनों बहुत आकर्षक और स्टाइलिश लग रहे हैं। इस फोटोशूट ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है और उनके प्रशंसक उनकी जोड़ी को बहुत पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की। जोड़ी दमदार लग रही है। ब्लैक कलर की ड्रेस पहन रखी है। नेचुरल मेकअप लुक चुना है। बालों का पोनीटेल बनाया है और स्टड इयररिंग्स और ब्लैक हील्स के साथ लुक को पूरा किया है। उनके पति विक्की जैन सफेद टी-शर्ट, मैचिंग ब्लेजर और ट्राउजर में शानदार दिख रहे थे। वीडियो में दोनों एक दूसरे को गले लगाते और कैमरे के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं। क्लिप में आगे अंकिता को बाथटब में पोज देते हुए दिखाया गया है। अंकिता लोखंडे ने कैप्शन में लिखा, 'हमने अपना मिडिल नाम 'हॉट एंड सैसी' रखा है।' उनके एक प्रशंसक ने अभिनेत्री की पोस्ट पर टिप्पणी की, 'यह सबसे हॉट जोड़ी है।' एक अन्य यूजर्स ने कहा, 'यह हॉट है।' बता दें कि अभिनेत्री अंकिता लोखंडे 14 दिसंबर 2021 को मुंबई में एक पारंपरिक समारोह में बिजनेसमैन विक्की जैन के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। अंकिता लोखंडे ने साल 2009 में 'पवित्र रिश्ता' में अर्चना की भूमिका निभाई थी। उनके एक्टिंग करियर को इस शो ने ऊंचाइयों तक पहुंचाया।



# सिद्धांत चतुर्वेदी की एक्शन फिल्म 'युध्रा' का दूसरा ट्रेलर लॉन्च




**एक्सेल एंटरटेनमेंट** अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म 'युध्रा' के साथ एक अनोखा एक्शन अनुभव मिलेगा। 'युध्रा' एक्शन से भरपूर फिल्म है। सिद्धांत चतुर्वेदी ने मुंबई के गेयटी गैलेक्सी में हजारों फैंस और मीडिया के सामने एक्शन से भरपूर ट्रेलर 2 को लॉन्च किया है। ऐसे में हाई-एनर्जी वाले ट्रेलर और कैची गानों के बाद अब सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल के साथ दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। एक्शन और एक्साइटमेंट से भरपूर युध्रा के दूसरे ट्रेलर में सिद्धांत चतुर्वेदी की निडरता और राघव जुयाल के निभाए गए खतरनाक विलेन शफीक के बीच एक खतरनाक लड़ाई दिखी है। इसके साथ ट्रेलर का यह एक्शन एक नए स्टैंडर्ड सेट करेगा। दूसरे ट्रेलर में दोनों किरदारों के बीच की टक्कर बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस और दर्शकों का उत्साह बढ़ाने वाली है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिद्धवानी और फरहान अख्तर की प्रोड्यूस फिल्म 'युध्रा' 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और राघव जुयाल जैसे टैलेंटेड सपोर्टिंग कास्ट हैं।



## 'द बकिंघम मर्डर्स' की रिलीज से पहले एकता कपूर ने किये लालबागचा राजा के दर्शन

करीना कपूर खान की मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। ट्रेलर ने फिल्म की रिलीज के लिए एकदम सही उत्साह पैदा कर दिया है और हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है। अब जब फिल्म की रिलीज में सिर्फ तीन दिन बाकी हैं, ऐसे में प्रोड्यूसर एकता आर कपूर ने भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए लालबागचा राजा का दौरा किया है। दर्शकों का उत्साह अगले लेवल पर है और प्रोड्यूसर एकता कपूर भी फिल्म की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस तरह से फिल्म की रिलीज से पहले, एकता आर कपूर और डायरेक्टर हंसल मेहता ने मुंबई के लालबागचा राजा के दर्शन कर, भगवान गणेश से आशीर्वाद लिया। इस फि ल्म में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे बेहतरीन एक्टर्स हैं। हंसल मेहता के निर्देशन में यह महाना फि ल्म्स और टीबीएम फि ल्म्स प्रोडक्शन है, जिसे बालाजी टेलीफि ल्म्स ने प्रीवेंट किया है। शोभा कपूर, एकता आर कपूर और करीना कपूर खान ने प्रोड्यूस किया है।

# एक्शन-थ्रिलर और खून-खराबे से भरा है देवरा का ट्रेलर

साउथ सिनेमा की कहानियां और उन्हें स्क्रीन पर पेश करने का तरीका हमेशा अनोखा रहा है। फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन', 'बाहुबली' और 'आरआरआर' ने अपनी अलग कहानियों और भव्य सेटिंग्स से दर्शकों को प्रभावित किया है। अब ऐसी ही एक भव्य फिल्म दर्शकों के सामने आ रही है, जिसका नाम है 'देवरा: पार्ट 1' इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। किरदारों की वेशभूषा, उनका स्टाइल, जबरदस्त एक्शन, हैरतअंगेज फाइटिंग सीन और समुद्र में एक्शन सीन ट्रेलर के दर्शकों को जरूर पसंद आएंगे। 'देवरा' के ट्रेलर में सबसे पहली चीज जो सबका ध्यान खींचती है, वह है फिल्म की दमदार स्टारकास्ट। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर धमाकेदार एक्शन सीन करते नजर आ रहे हैं। विलेन के किरदार में सैफ अली खान खूब खून बहाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा ट्रेलर में जान्हवी कपूर, प्रकाश राज और मराठमोली एक्ट्रेस श्रुति मराठे भी नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में अपनी मौजूदगी से श्रुति इस फिल्म में काफी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म के जरिए जान्हवी कपूर साउथ सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में नजर आएंगे और ट्रेलर में उनकी एंट्री काफी दमदार है। फिल्म के ट्रेलर में उनके और सैफ अली खान के बीच फाइट सीन कमाल के हैं। जूनियर एनटीआर की एंट्री के दौरान ट्रेलर में बजने वाला बैकग्राउंड म्यूजिक एक कांटा है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों को बांधे रखता है। वाई दिज कोलावरी फेम अनिरुद्ध ने ऐसा संगीत दिया है जो ट्रेलर के हर दृश्य के अनुकूल है। इस फिल्म में अंडरवाटर एक्शन सीन कल्पना से परे हैं। 'पोन्नियिन सेलवन' में हमने जहाजों की मदद से जल युद्ध देखा है। लेकिन 'देवरा' में, ट्रेलर से पता चलता है कि निर्देशक ने पानी की लड़ाई के दृश्य को भव्य प्रारूप में दिखाने के लिए नए विचारों का इस्तेमाल किया है।

**फिल्म 'देवरा**

पार्ट 1' 27 सितंबर को रिलीज होने वाली है। कोराताला शिवा द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको और नारायण मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर रिलीज से पहले जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के फर्स्ट लुक के साथ एक टीजर जारी किया गया था।





**ऑस्ट्रेलिया का तूफानी आगाज**

# इंग्लैंड को पहले टी२० मैच में २८ रन से हराया

एजेंसी



**नई दिल्ली :** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज की धमाकेदार शुरूआत हुई है. ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज की शुरूआत जीत से की है. उसने मेजबान इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में 28 रन से हराया. ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो ओपनर ट्रैविस हेड रहे. उन्होंने 23 गेंद में 59 रन की बेशकीमती पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए. मेजबान इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 मैच साउथैम्पटन में खेला गया. इंग्लैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी. उसकी ओर से जैमी ओवर्टन, जैकब बेथल और जॉर्डन कॉक्स ने इस मैच के जरिए टी20 इंटरनेशनल करियर का आगाज किया. ये तीनों ही खिलाड़ी अपने डेब्यू मैच में कुछ खास नहीं कर पाए.

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने धमाकेदार शुरूआत की. ओपनर ट्रैविस हेड और मैथ्यू शॉर्ट (41) ने पावरप्ले में 86 रन ठोक दिए. ट्रैविस हेड पावरप्ले की आखिरी गेंद यानी छठे ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए. तीन रन बाद मैथ्यू शॉर्ट भी चलते बने. इसके बाद तो जोश इंग्लिस (37) को छोड़ दें तो कोई भी बैटर क्रीज पर देर तक नहीं टिक सका. नतीजा जिस ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट खोए 86 रन बना लिए थे, वह 19.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई. ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 10 विकेट 93 रन जोड़कर गंवा दिए.

इस तरह इंग्लैंड के बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर मोमेंटम को अपनी टीम की ओर शिफ्ट किया, लेकिन बैटर इसका फायदा नहीं उठा सके. एक अकेले लियाम लिविंग्स्टन ही रहे, जो 20 से ज्यादा रन बना पाए. उन्होंने 27 गेंद में 37 रन की पारी खेली. पहली बार टीम की कप्तानी कर रहे फिल सॉल्ट ने 12 गेंद में 20 रन बनाए. और कोई भी बैटर ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाया.

# डेविस कप- अल्काराज और बॉतिस्ता ने स्पेन को दिलाई विजयी शुरूआत

एजेंसी




**वालेंसिया।** कार्लोस अल्कराज और रॉबर्टो बॉतिस्ता के एकल मैच जीतने के बाद डेविस कप ग्रुप के शुरूआती मुकाबले में स्पेन ने चेक गणराज्य को 3-0 से हरा दिया।

अल्कराज अपने मैच का शुरूआती सेट टाई-ब्रेक के बाद टॉमस मचाक के खिलाफ 6-7 (3-7) से हार गए थे,लेकिन माचाक को दूसरे सेट में चोट लगने लगी, जिसके बाद अल्काराज ने दूसरा सेट 6-1 से जीत लिया और बराबरी हासिल ली, हालंकि इसके बाद माचाक रिटायर हो गए और अल्कराज को विजेता घोषित कर दिया गया।

दूसरी तरफ बॉतिस्ता ने डेविस कप में अपनी वापसी का जश्न जिरी लेहेका के खिलाफ 7-6(1), 6-4 से जीत के साथ मनाया, जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं और स्पैनियार्ड से कई स्थान ऊपर हैं।

अपनी जीत के बाद बॉतिस्ता ने अपने गृहनगर कास्टेलोन डे ला प्लाना के करीब शहर में अपनी सफलता का जश्न मनाया।

उन्होने कहा, 'मैंने इस प्रतियोगिता में अपने करियर में अपने जीवन की सबसे अच्छी चीजों का अनुभव किया है, और वालेंसिया में खेलना बहुत खास है। मैं स्पेन को पहला अंक दिलाकर बहुत खुश हूं।'

युगल मैच में अल्कराज और मार्सेल ग्रेनोलर्स ने जैकब मेन्सिक और एडम पावलसेक को 6-7(2), 6-3, 7-6(2) से हराया और स्पेन को 3-0 से जीत दिला दी।

## मैकाबी तेल अवीव बेलग्रेड में यूरोपा फुटबॉल लीग मैचों की करेगा मेजबानी

**जेरूसलम।** इजरायली चैंपियन मैकाबी तेल अवीव की टीम अपने चार यूरोपा लीग घरेलू मैच बेलग्रेड के पार्टिजन स्टेडियम में खेलेगी, मैकाबी ने बुधवार को एक बयान में घोषणा की।

मैकाबी घरेलू मैच सर्बिया में खेलेंगे क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आयोजन निकायों ने 7 अक्टूबर, 2023 से इजराइल में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैचों की मेजबानी पर रोक लगा दी है।

लीग चरण में, जो सितंबर के अंत से जनवरी के अंत तक चलेगा, मैकाबी का सामना बेलग्रेड में मिडटजिलैंड, रियल सोसिदाद, आरएफएस रीगा और पोर्टो से होगा, साथ ही ब्रागा, अजाक्स एम्स्टर्डम, बेसिकटास और बोडो/ग्लिम्ट के खिलाफ मैच भी होंगे।

मैकाबी के बयान के अनुसार, इसमें शामिल सभी पक्ष प्रशंसकों को बेलग्रेड में मैचों में भाग लेने की अनुमति देने पर सहमत हुए।

# खालिद महमूद ने बीसीबी निदेशक पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान खालिद महमूद ने बुधवार (11 सितंबर) को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकबज के अनुसार, 2013 में गाजी अशरफ हुसैन के खिलाफ चुनाव जीतने वाले महमूद ने तीन बार बीसीबी निदेशक के रूप में कार्य किया, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति नजमुल हसन के पद छोड़ने के बाद देश में हुए राजनीतिक बदलाव के कारण उन्हें अपना नवीनतम कार्यकाल पूरा करने से पहले इस्तीफा देना पड़ा, जिसका बोर्ड के मामलों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। महमूद ने पहले कई वर्षों तक बीसीबी के खेल विकास अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश अंडर -19 टीम ने 2020 में आईसीसी अंडर -19 टूनामेंट जीता। इसके अलावा उन्होंने बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अंतरिम मुख्य कोच के साथ-साथ विभिन्न अवसरों पर टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया। महमूद और नजमुल के अलावा कई अन्य बोर्ड निदेशकों ने भी पद छोड़ने का फैसला किया, जिनमें जलाल यूनुस, शफीउल आलम चौधरी और नईमुर रहमान शामिल हैं।

# जालौन में मूसलाधार बारिश से कई गांवों के संपर्क मार्ग टूटे

एजेंसी



**जालौन।** जनपद में 36 घंटे से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीण इलाकों में नदी का पानी पहुंचने लगा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। कोंच तहसील क्षेत्र के सलैया बुजुर्ग गांव में पहुज नदी का पानी पहुंच गया है। जिससे गांव से मध्यप्रदेश जाने का सम्पर्क मार्ग टूट गया है।

इसी तरह, कालपी तहसील क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे मंगरौल समेत चार गांवों में जाने का सम्पर्क मार्ग टूट गया है। जिला प्रशासन ने राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

बारिश के कारण सड़कें और घरों में पानी भर गया है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को अलर्ट करते हुए लोगों से सावधानी बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

राहत बचाव कार्य में जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य सरकारी तंत्र शामिल हैं। लोगों को खाने, पीने के पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था की जा रही है। निचले इलाकों में एसडीएम और तहसीलदारों का निरीक्षण जारी है।

## मप्र में 6 जिलों में रेड अलर्ट, नर्मदा नदी खतरे के निशान से 7 फीट नीचे

भोपाल : मध्यप्रदेश में सितंबर की शुरूआत तेज बारिश से हुई है। बारिश के स्ट्रॉन्ग सिस्टम से पूरे मध्यप्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज यानि गुरुवार को भिंड, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 29 जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। बारिश के चलते आज भोपाल में 5वीं क्लास जबकि राजगढ़, सागर, गुना, शिवपुरी, मुरैना और भिंड में 8वीं तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि लो प्रेशर एरिया अब डिप्रेशन में बदल गया है। मानसून ट्रफ भी डिप्रेशन से गुजर रहा है। दक्षिण गुजरात के ऊपर एक चक्रवाती घेरा बना है। इन तीन सिस्टम की वजह से बारिश का दौर बना हुआ है। अगले 24 घंटे के दौरान कुछ जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में सामान्य बारिश का आंकड़ा पार हो गया है। औसत 37.3 इंच के मुकाबले 39.1 इंच बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा बारिश मंडला जिले में 54.64 इंच हुई है। दूसरे नंबर पर सिवनी जिला है। यहां अब तक 53 इंच पानी गिर चुका है। 24 घंटे में ही यहां 4-4 इंच पानी बरस गया। भोपाल, सागर, श्योपुर और छिंदवाड़ा में 47 इंच, डिंडौरी, रायसेन-नर्मदापुरम में 46 इंच, बालाघाट में 45 इंच से अधिक बारिश हुई। इससे पहले, बुधवार को 28 जिलों में तेज बारिश हुई। बांध-तालाब ओवरफ्लो हो गए। नदियां उफनाने से दमोह, सिवनी, बालाघाट, सागर, छतरपुर, शिवपुरी जिले में बाढ़ के हालात बन गए। प्रदेश में अब तक कोटे से 4.9 इंच ज्यादा पानी गिर चुका है। वहीं, भिंड में क्वांरी, सांक नदी और सिंध खतरे के निशान पर बह रही हैं। इस कारण 50 गांवों में अलर्ट है। नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर नर्मदा नदी खतरे के निशान से 7 फीट नीचे बह रही है। प्रशासन ने निचली बस्तियों में अलर्ट रहने को कहा है। स्ट्रॉन्ग सिस्टम ने एक बार फिर प्रदेश के डैम और तालाबों को ओवरफ्लो कर दिया। बुधवार को भोपाल के कोलार, केरवा, भदभदा और कलियासोत डैम के गेट खुले रहे। नर्मदापुरम में तवा डैम के 13 में से 9 गेट, बरगी बांध के 21 में से 17, मोहनपुरा डैम के 10 गेट, हलाली डैम के 5 गेट, मड़ीखेड़ा डैम के 4 गेट, अटल सागर डैम के 2 गेट, तिघरा डैम के 7 गेट, बानसुजारा डैम के 12 गेट, जोहिला डैम के 2 गेट खुले रहे। दूसरी ओर, नर्मदा, चंबल, कालीसिंध, पार्वती, शिप्रा समेत कई नदियां उफान पर रहीं।

# आरजी कर घोटाला मामले में तीन स्थानों पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को कोलकाता में तीन स्थानों पर छापेमारी की। इनमें आरजी कर के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष के पैतृक निवास सहित अन्य स्थान शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, जिन तीन स्थानों पर छापेमारी की गई उनमें उत्तरी कोलकाता के न्यू टाउन स्थित संदीप घोष का पैतृक निवास, उत्तर कोलकाता के टाला इलाके में चंदन लौह का निवास और कालिंदी में एक केमिस्ट और ड्रगिस्ट की दुकान शामिल है। ईडी की तीनों टीमों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के जवानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। सूत्रों ने बताया कि चंदन लौह, संदीप घोष का करीबी सहयोगी है और उसने आरजी कर परिसर में एक कैफेटेरिया को अवैध रूप से चलाया था, जो कि घोष के संरक्षण में संचालित हो रहा था।

दूसरी ओर, कालिंदी में जिस केमिस्ट और ड्रगिस्ट की दुकान पर छापा मारा गया, वह आरजी कर प्राधिकरणों के साथ व्यापारिक लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर की गई कार्रवाई थी, जो उस समय हुई थी जब घोष अस्पताल के प्रधानाचार्य थे। उल्लेखनीय है कि




ईडी के साथ-साथ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी इस वित्तीय अनियमितता मामले में समानांतर जांच कर रही है। हालांकि, सीबीआई की जांच न्यायालय के आदेश के तहत और न्यायालय की निगरानी में चल रही है, जबकि ईडी ने इस मामले में स्व-प्रेरित प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज कर स्वतः जांच शुरू की है।सूत्रों ने बताया कि अब तक की जांच में ईडी ने कई खामियों की पहचान की है, जिनके माध्यम से वित्तीय अनियमितताएं की गईं। विशेष रूप से कई शेल कंपनियों की भूमिका, जिनका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति या किसी बुनियादी ढांचे के रखरखाव अनुबंध के लिए किए गए टेंडरों में हेरफेर करने के लिए किया गया। ईडी के पास इस बात के भी साक्ष्य हैं कि संदीप घोष ने टेंडर देने के लिए अवैध रूप से कमीशन के रूप में बड़ी रकम अर्जित की थी। फिलहाल घोष न्यायिक हिरासत में हैं।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने सीयूवी विंडसर लॉन्च किया

मेट्रो रेज

**रांची :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटेलिजेंट ई-सीयूवी एमजी विंडसर को मैनुअल कॉम्पैक्ट एसयूवी की कीमत पर लॉन्च किया है। सेडान के कम्फर्ट और एसयूवी के आनंद के मिश्रण वाली विंडसर, एक इन्नोवेटिव एयरोडायनामिक डिजाइन, विशाल और भव्य इंटीरियर, बेहतर सुरक्षा, स्मार्ट कनेक्टिविटी, ड्राइविंग कम्फर्ट और कई हाई-टेक फीचर्स के साथ आती है। इसे एमजी के 'प्योर ईवी प्लेटफॉर्म' पर बनाया गया है, जो एक शानदान बिजनेस क्लास अनुभव प्रदान करती है। एक अनूठे ओनरशिप प्रोग्राम, बैटरी एज ए सर्विस के साथ एमजी विंडसर को 9.99 लाख रुपए + बैटरी के लिए 3.5 रुपए/किमी की कीमत पर पेश किया गया है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया अपने बैटरी एज ए सर्विस पेशकश के साथ एक अभिनव ओनरशिप प्लान को पेश कर रही है, जो एक मैनुअल कॉम्पेक्ट एसयूवी की कीमत पर फुल-साइज कैपेबल इलेक्ट्रिक सीयूवी को खरीदना संभव बनाता है। यह लचीला ओनरशिप प्रोग्राम बैटरी की अग्रिम लागत को खत्म करता है, जिससे ग्राहक केवल इसके उपयोग के लिए भुगतान करते हैं। सबसे जरूरी, खरीदार को पारंपरिक वाहनों के ईंधन लागत के समान ही प्रति किलोमीटर के हिसाब से मामूली शुल्क का भुगतान करना होगा। यह मॉडल शुरूआती खरीद लागत को काफी कम कर देता है और प्रति किलोमीटर खर्च को कम करता है, जिससे एक किफायती और परेशानी मुक्त ओनरशिप अनुभव सुनिश्चित होता है।

# टाटा मोटर्स ने 'फेस्टिवल ऑफ कार्स' लॉन्च किया

मेट्रो रेज

**रांची :** टाटा मोटर्स ने अपना सबसे बड़ा 'फेस्टिवल ऑफ कार्स' लॉन्च किया है, जो त्यौहारों के इस सीजन में बेहतरीन ऑफर्स दे रहा है। कंपनी की लोकप्रिय कारें और एसयूवी ऐसी कीमतों पर पहली बार मिल रही हैं और उपभोक्ता के लिये हमारे शोरूम्स पर कई दूसरे फायदे भी उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर ग्राहक 2.05 लाख रुपए के लाभ प्राप्त कर सकते हैं और उनके लिये यह अविश्वसनीय दामों पर अपने सपनों की कार खरीदने का बढ़िया मौका है। त्यौहारों के लिये खास ऑफर 31 अक्टूबर, 2024 तक की सीमित अवधि के लिये पेट्रोल, डीजल और सीएनजी से पावर्ड सभी कारों तथा एसयूवी पर उपलब्ध हैं। 'फेस्टिवल ऑफ कार्स' की घोषणा करते हुए, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा कि त्यौहारों का सीजन आने के साथ ही हम अपने ग्राहकों के लिये ढेर सारे आकर्षक ऑफर्स लाकर बहुत खुश हैं। आईसीई व्हीकल्स पर कुल 2.05 लाख रुपये तक के फायदों के साथ, इस साल त्यौहारों के जश्न में कीमतों की सीमित समय के लिये, लेकिन आकर्षक गिरावट और साथ ही एक्सचेंज तथा कैश के लुभावने फायदे शामिल हैं। ऐसे में यह नई शुरूआत के उत्साह में खो जाने का बढ़िया मौका है। हमें विश्वास है कि टाटा की कार का मालिक बनने के लिये ग्राहक इस बेजोड़ अवसर का लाभ उठाएंगे और सुरक्षा तथा डिजाइन के सबसे बढ़िया संयोजन वाली कार खरीदकर त्यौहारों के इस सीजन को वाकई खास बनाएंगे।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने डॉक्टरों को दी बड़ी सौगात, वेतन में की 46 फीसदी तक बढ़ोतरी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर अनुसूचित और गैर अनुसूचित क्षेत्रों में तैनात डाक्टरों के वेतन में 46 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है।



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और स्वास्थ्य विभाग ने उठाया बड़ा कदम उठाया है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सीनियर रेसीडेंट से लेकर प्राध्यापकों के वेतन में हुई ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। प्राध्यापक को अब अनुसूचित क्षेत्र में 2 लाख 25 हजार तथा गैर अनुसूचित क्षेत्र में 1 लाख 90 हजार रुपये वेतन मिलेगा। अनुसूचित क्षेत्र में लगभग 46 फीसदी तथा गैर अनुसूचित क्षेत्र में लगभग 23 फीसदी की वेतन वृद्धि की गई है।

# मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालयों के नए शैक्षिक सत्र का किया शुभारंभ

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज के ग्राम सिठौली कला स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ किया। इसके साथ ही प्रदेश के सभी 18 मंडलों के अटल आवासीय विद्यालयों में एक साथ शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया और छात्रों को स्कूल बैग का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में हमने बेहतर काम किया है। बिना भेदभाव के हर बच्चे को शिक्षा मिल रही है। विपक्ष का एजेंडा, समाज को बांटना है। यह लोग समाज को अराजकता की भट्ठी में झोंक देना चाहते हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यमंत्री अनिल राजभर, एमएलसी लालजी प्रसाद




निर्मल, एमएलसी अवनीश पटेल व रामचन्द्र प्रधान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति के माध्यम से पूर्ण की गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 से उत्तीर्ण होने वाले 80 विद्यार्थियों के साथ प्रति विद्यालय कुल 360 विद्यार्थियों (18 विद्यालयों के सापेक्ष कुल 5040 नए विद्यार्थियों तथा गत वर्ष कक्षा 6 से उत्तीर्ण होकर कक्षा 7 में अध्ययनरत 1424 विद्यार्थियों) के साथ कुल 6480 विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं संचालित की जानी हैं। यह अटल आवासीय विद्यालयों का दूसरा शैक्षणिक सत्र होगा। इससे पूर्व 11 सितंबर 2023 को पहले शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हुआ था। उल्लेखनीय है कि अटल आवासीय विद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड 19 में अनाथ हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना से आच्छादित अनाथ बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की पहल की गई है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (यूपीबीओसीडब्ल्यू) के अंतर्गत संचालित किए जा रहे इन विद्यालयों को योगी सरकार ने 1000 बच्चों की आवासीय क्षमता से लैस करते हुए निर्मित कराया है।

## शनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार राजेश पड़गोत्रा ने विजयपुर में भरा नामांकन

**जम्मू।** सांबा जिला के विजयपुर से नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार राजेश पड़गोत्रा ने हजारों समर्थकों के साथ रेलवे रोड से एक रैली निकाली और बीडीओ ब्लॉक ग्राउंड एआरओ कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन पत्र भरा और शपथ ली उनके साथ नेशनल कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता इसरार खान और कांग्रेस के नेता भी माजूद रहे । राजेश पड़गोत्रा ने कहा आज कांग्रेस और नैका के गठबन्धन होने से उन फिरका प्रस्त पार्टी को जबाव है जो पार्टियां भाईचारे और में दरार डालने का काम करती है

## सोने की शुद्धता के मानक और सख्त होंगे

# 9 कैरेट गोल्ड की भी होगी हॉलमार्किंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के निर्देश पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) जल्दी ही 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की हॉलमार्किंग को भी अनिवार्य करने जा रहा है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण पिछले कुछ अरसे से देश में 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की मांग में भी काफी तेजी आई है। ऐसी स्थिति में इस सोने की शुद्धता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। इसी वजह से केंद्र सरकार ने 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी पर हॉल मार्किंग को अनिवार्य करने का फैसला लिया है। भारतीय मानक ब्यूरो ने 9 कैरेट गोल्ड से बने आभूषणों की हॉलमार्किंग के लिए मार्केट के सभी स्टेकहोल्डर्स से बातचीत



शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की शुद्धता की जांच कर ग्राहकों को उसका सर्टिफिकेट दिया जाएगा। फिलहाल देश में 24 कैरेट, 23 कैरेट, 22 कैरेट, 18 कैरेट और 14 कैरेट सोने से बनी ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग करना अनिवार्य है। 2022 से ही हॉलमार्किंग का ये नियम पूरे देश में लागू कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि सोने की कीमत में आई तेजी की वजह से इन दिनों 9 कैरेट से लेकर 14 कैरेट और 18 कैरेट सोने से बनी ज्वेलरी की मांग भी काफी ज्यादा बढ़ गई है। जबकि कुछ समय पहले तक सोने की ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता था। इसकी वजह सोने की कीमत के बड़ा अंतर को भी माना जा रहा है। फिलहाल 24 कैरेट सोना घरेलू सरार्फा बाजार में 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है, जबकि 9 कैरेट सोने की कीमत 25 हजार रुपये के आसपास है। यही कारण है कि इन दिनों आभूषण की खरीद में कम शुद्धता वाले सोने की मांग ज्यादा बढ़ गई है। मांग में बढ़ोतरी होने से अब इनकी शुद्धता पर भी सवाल उठाए जाने लगे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने भारतीय मानक ब्यूरो को 9 कैरेट से बने आभूषण की भी हॉलमार्किंग करने का निर्देश दिया है, ताकि ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी न हो।

उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार सोने की खरीद के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। इस साल सोने की डिमांड 750 टन तक पहुंचाने की संभावना जताई जा रही है। पिछले साल की तुलना में इस साल अभी तक सोने की मांग में 1.58 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। माना जा रहा है कि कीमत में तेजी आने के बावजूद इस साल के अंत तक सोने की मांग में 2 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हो जाएगा। ऐसी स्थिति में सोने के खरीदारों के हितों की सुरक्षा पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। यही वजह है कि 9 कैरेट तक के गहनों की हॉल मार्किंग को अनिवार्य करने पर विचार किया जा रहा है।

## मानिक को शर्तों के साथ हाई कोर्ट से मिली जमानत ईडी ने किया था गिरफ्तार

**कोलकाता/एजेंसी।** नियुक्ति भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में तृणमूल विधायक मानिक भट्टाचार्य को कलकत्ता हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। 2022 में ईडी ने उन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया था और तब से वे जेल में थे। गुरुवार को हाई कोर्ट की न्यायाधीश शुभ्रा घोष ने उन्हें चार शर्तों के साथ जमानत दी। ईडी ने मानिक भट्टाचार्य को 2022 में प्राथमिक नियुक्ति घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था। उस समय से वे जेल में बंद थे। जमानत के लिए उन्होंने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जमानत पर सुनवाई के दौरान मानिक ने ईडी की जांच पर असंतोष जताते हुए कहा था कि जांच सही तरीके से नहीं हो रही है। उनका कहना था कि बार-बार चार्जशीट दाखिल करने के दौरान ईडी यह दावा करती रही है कि जांच जारी है, जिसके चलते उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही है। उन्होंने ईडी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बांग्लादेश में पूर्व सांसद फजले करीम चौधरी गिरफ्तार

**ढाका।** बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने रावजान (चटगांव-6) के पूर्व सांसद (एबीएम) फजले करीम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें देररात ब्राह्मणबारिया के अखौरा के सीमावर्ती क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जनसंपर्क अधिकारी शरीफुल इस्लाम ने आज सुबह इसकी पुष्टि की। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, चौधरी अवैध रूप से भारत भागने की फिराक में थे। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से वह भूमिगत थे। उनके खिलाफ चट्टोग्राम में पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबियों की धरपकड़ तेजी के साथ की जा रही है।

### धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो समुदाय के बीच हुई झड़प, एक गिरफ्तार

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज बाजार में धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो समुदाय के बीच झड़प हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ठाकुरगंज थानाध्यक्ष व एसडीपीओ मंगलेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। जानकारी के अनुसार ठाकुरगंज बाजार स्थित एक दवा दुकान के समीप सड़क किनारे लगे एक विशेष समुदाय के झंडे को असामाजिक तत्वो के द्वारा वहां से हटा दिया गया था। इसके विरोध में उक्त समुदाय के लोगों ने असामाजिक तत्व की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। स्थानीय लोगों के बयान और निशानदेही पर पुलिस ने एक अभियुक्त विशाल उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर घटना स्थल से हटा दिया और उक्त स्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। वहीं विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल को प्रतिनियुक्त करते हुए सघन रात्रि गश्ती का निर्देश दिया गया हैं। हालांकि ठाकुरगंज पुलिस दावा कर रही है कि फिलहाल अभी विधि-व्यवस्था सामान्य है। लोगों से अपील कर कहा की कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। गुरुवार को मामले में एसडीपीओ 2, मंगलेश कुमार सिंह ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि एक समुदाय के लोगों के द्वारा दूसरे समुदाय के धार्मिक झंडा को हटा दिया गया। ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंचकर झंडे को वापस उसी स्थान पर लगा दिया है, फिलहाल दोनों समुदाय के लोगों के साथ बैठक की गई है। एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। वहीं इस मामले को लेकर सोशल मीडिया में काफी अफवाह उड़ाई जा रही थी, जिसे लेकर जिला पुलिस कप्तान सागर कुमार ने कहा कि ठाकुरगंज मामले में अफवाह फैलाने वाले पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। फिलहाल अभी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग वीरवार को दोनों तरफ से खुला

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर को जोड़ने वाला जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग वीरवार को छोटे और बड़े वाहनों के लिए दोतरफा यातायात के लिए खुला है। बड़े वाहन आज जम्मू से श्रीनगर, और श्रीनगर से जम्मू की ओर चल रहे हैं। सामान से लदे ट्रक राजमार्ग पर चल रहे हैं। कुछ एक स्थानों पर बड़े वाहन खराब होने के कारण भी यात्रा में थोड़ी रूकावट आ रही है। राजमार्ग के नाशरी और बनिहाल सेक्टरों के बीच दलवास, मेहर रामबन और कुछ अन्य स्थानों पर वाहनों की आवाजाही धीमी है। इस बीच जम्मू और कश्मीर ट्रैफिक पुलिस एडवाइजरी में कहा गया है वीरवार को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क और यातायात स्थिति का आंकलन करने के बाद और साफ मौसम के अधीन एलएमवी को दोनों तरफ चलने दिया जाएगा। बड़े वाहनों को भी दोनों तरफ चलने की अनुमति दी जाएगी। सभी वाहन चालक नियमों का पालन करें और कतारों में चलें।

### कटड़ा से नई दिल्ली और वाराणसी के बीच चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**जम्मू।** रेलवे ने त्योहारों के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से नई दिल्ली और वाराणसी के बीच दो विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रेल प्रवक्ता के अनुसार, रेलगाड़ी नंबर 04076 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा और नई दिल्ली के बीच सप्ताह में दो दिन चलेगी। यह ट्रेन छह अक्टूबर से 18 नवंबर तक चलेगी। नई दिल्ली से प्रत्येक बुधवार और रविवार को रात 23:45 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 11:40 बजे कटड़ा पहुंचेगी। वापसी में कटड़ा से प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को रात 21:20 बजे चलकर अगले दिन सुबह 9:30 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। एक अन्य रेलगाड़ी नंबर 04624-04623 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा और वाराणसी के बीच सप्ताह में दोनों ओर से एक-एक दिन चलेगी। यह छह अक्टूबर से 19 नवंबर तक चलेगी। कटड़ा से प्रत्येक रविवार को रात 23:45 बजे चलेगी और अगले दिन 23:55 बजे वाराणसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। जबकि वापसी में यह रेलगाड़ी मंगलवार को वाराणसी रेलवे स्टेशन से सुबह के 05:30 बजे चलकर अगले दिन सुबह 11:25 बजे कटड़ा रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।

### दतिया में किले की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत, 9 लोग मलबे दबे, रेस्क्यू जारी

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में गुरुवार तड़के रियासत कालीन दीवार अचानक ढहकर कच्चे मकान और झोपड़ियों पर गिर गई। मलबे के नीचे नौ लोग दब गए। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो को जिला अस्पताल भेजा गया है। अन्य पांच लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू जारी है। अंदेशा जताया जा रहा है कि बीते 30 घंटे से लगातार हो रही बारिश के चलते किले की दीवार कमजोर हो गई थी और गिर गई। जानकारी के अनुसार दतिया के खलका पुरा वार्ड में गुरुवार तड़के करीब साढ़े 3 बजे कीले की दीवार कच्चे मकान और झोपड़ियों पर गिर गई। तेज आवाज सुनकर आसपड़ोस के लोग वहां पहुंचे तो देखा किले की दीवार गिर गई है। लोगों तुरंत दो लोगों को तत्काल बाहर निकला और हॉस्पिटल भेजा। डॉयल 100 को फोन लगाया तो एक पुलिसकर्मी पहुंचा और लोगों को निकालने में मदद करने लगा। फिलहाल, मौके पर कलेक्टर संदीप मकीन, एसपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा और एसडीईआरएफ की टीम मौजूद है। मौके पर मौजूद लोगों ने रेस्क्यू की गति धीमी होने का आरोप लगाकर सुबह करीब 8 बजे हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि मलबा हटाने में लापरवाही बरती जा रही है। सुबह 4 बजे से मलबा हटाया रहा है, लेकिन रेस्क्यू टीम एक भी आदमी को बाहर नहीं निकाल पाई है।

### जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के गृह जिला में पार्टी कार्यालय नदारद

**मधुबनी।** जिला मुख्यालय में सत्तारूढ दल जदयू का जिला कार्यालय आजतक नहीं बन पाया।जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा के गृह जिला मधुबनी मुख्यालय में पार्टी कार्यालय स्थापित नही रहने पर निरंतर कार्यकताओं की टिप्पणी होती रहती।पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता ने गुरुवार को जिला में पार्टी के निर्बल संगठन पर भी आवाज उठाया। जिला मुख्यालय में दिनभर इधर-उधर चाय नाश्ता की दूकान पर पार्टी 'पालिटिक्स' की लम्बी- चौड़ी बातें यहां होती रहती।जदयू के समर्पित कट्टर समाजवादी कार्यकर्ता ने इस बाबत बताया कि ' मुसाफिर हूं यारों,न घर है न ठिकाना ' की अक्षरशः स्थिति सत्तारूढ दल जदयू कार्यकताओं के लिए यहां सटीक बैठता।नीतीश कुमार के मुख्यमंत्रित्व काल से पूर्व समता पार्टी के समय से ही हमलोग दलीय राजनीतिक प्रतिबद्धता को आत्मसात किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कोलेबिरा पंचायत में जन सहयोग सह निरीक्षण अभियान चला



**कोलेबिरा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति सदस्य सह 20 सूत्री सदस्य फिरोज अली मुख्य रूप से उपस्थित हुए। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली ने कहा क्षेत्र की जनता को स्वावलंबी बनाना,उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना,गरीबी रेखा से दूर करना,हमारे झारखंड के लोकप्रिय माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी का मुख्य उद्देश्य है।झारखंड राज्य के प्रगति के लिए हेमंत सोरेन की सरकार नित प्रतिदिन काम कर रही है।इस जनता दरबार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच पहुंचकर उनका सरकारी योजनाओं का लाभ देना है।हमारे झारखंड सरकार माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की यह उपलब्धि है की चौथी बार हमारी सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है।इस विशेष शिविर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम झारखंड के लोकप्रिय माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का सरकार पिछले 4 साल से यह कार्यक्रम राज्य के सभी जिला एवं प्रखंड एवं पंचायत में महत्वाकांक्षी योजना चला रहे हैं और अब मंईयां सम्मान योजना 18 साल से सभी बहनों के लिए कर दिए

मौके पर . जिला परिषद मैडम रोज प्रतिमा प्रमुख ,दुदामी हेंब्रम झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य 20 सूत्री सदस्य फिरोज अली कोलेबिरा पंचायत मुखिया बानो प्रखंड के जिला परिषद बिरजू कांडुलना विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद सुलभ प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे सचिव वकील खान समीर हाशमी देवेंद्र साहू तनवीर हुसैन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### लचरागढ़ स्कूल के बच्चे सिमडेगा नही जा सके



**सिमडेगा :** खेलो झारखंड के तहत, जिला में आज संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय को सिमडेगा जाना था, रात में मैसेज डाला गया था, सुबह बच्चों को लेना था, लेकिन बच्चे दूर दूर से आते हैं, फिर भी बच्चों की परिस्थिति को नहीं समझा गया और बस नहीं रुकी जबकि बच्चे कोलेबिरा प्रखंड फुटबॉल और हॉकी खेल के लिए प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

### पूर्व आजसू नेता छबि महतो थामेंगे भाजपा का दामन

**जमशेदपुर:** आजसू का सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष और प्रदेश सचिव रहे आदित्यपुर निवासी छबि महतो गुरुवार को घोड़ाबांधा स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के आवास पर भाजपा का दामन थामेंगे। जानकारी देते हुए छबि महतो ने बताया कि वे पिछले दिनों आजसू में उपेक्षित महसूस कर रहे थे। जिसके बाद उन्होंने केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को अपना त्याग पत्र सौंप कर पार्टी से नाता तोड़ लिए थे। उन्हें पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पार्टी में आने का न्योता दिया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। चूंकि वे पूर्व में भी भाजपा में रह चुके हैं और अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में काफी अरसे तक काम करने का अनुभव प्राप्त किया है। वर्तमान में वे भाजपा के सर्वमान्य नेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति सिद्धान्तों से प्रभावित होकर पुनः भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। बता दें कि छबि महतो ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से एक बार फॉरवर्ड ब्लॉक की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर पार्किंग खाली कराया, मंच निर्माण शुरू

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टाटानगर आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। उनके कार्यक्रम को लेकर दो मंच तैयार किया जा रहा है। स्टेशन के एक नंबर प्लेटफॉर्म पर छोटा स्टेज बनाया जा रहा है। जहां पीएम, रेल मंत्री, कृषि मंत्री रेलवे के उच्चाधिकारी अन्य बैठेंगे। इसके लिए घेराबंदी शुरू कर दी गई हैं। परिसर को तिरंगे के कलर से कवर किया जा रहा है। इसके लिए मजदूर तत्परता से कार्य में जुटे हैं। वहीं स्टेशन के इन एवं आउट (प्रवेश-निकास) गेट के बीच स्थित वाहन पार्किंग में उनका मुख्य कार्यक्रम होगा।

इसके लिए पार्किंग को खाली करा दिया गया है। वहां मुख्य मंच का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए लोहे के बड़े-बड़े एंगल गिराए गए हैं। साथ ही उसकी विशेष निगरानी की जा रही है। बुधवार को भी रेलवे के अधिकारियों ने स्टेशन में चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। दूसरी ओर सफाई कार्य भी युद्धस्तर पर चल रहा है। स्टेशन के इर्द-गिर्द की दीवारों की रंगाई-पुताई के साथ ही झारखंड की कला संस्कृति से जुड़ी कलाकृतियां बनायी जा रही हैं।

### कुड़मी सेना के करम महोत्सव में शामिल हो सकते हैं पीएम : शैलेन्द्र महतो

**जमशेदपुर :** कुड़मी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने जानकारी दी कि आगामी 15 सितंबर को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में होनेवाले राष्ट्रीय करम महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। महोत्सव का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया चल रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तथा राजभवन से जरूरी दस्तावेज मांगे गए थे, उन्हें भेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अन्य अतिथियों में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पश्चिम बंगाल के कुटीर उद्योग मंत्री श्रीकांत महतो, सांसद बिद्युत बरण महतो, सिल्ली के विधायक सुदेश महतो, गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, ओडिशा के राज्यसभा सांसद ममता महंता आदि शामिल होंगे।

कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिशाल चंद्र महतो ने बताया कि कार्यक्रम में आनेवाले सभी लोगों में 10 हजार फलदार पौधे बांटे जाएंगे। इसमें शामिल होनेवाले सभी लोगों से पीली ड्रेस में आने की अपील की गई है। साथ ही समाज के 5 चिकित्सक को कुड़मी रत्न तथा लगभग 25 सामाजिक कार्यकर्ता को अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा। बताया कि हाल में चुनाव जीतनेवाली पुलिस मेंस एसोसिएशन की पूरी टीम को सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब हो कि गोपाल मैदान में ही प्रधानमंत्री की 15 सितंबर को सभा है।

# एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा आज भी चतरा जिला में लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक के रूप में सशक्त पहचान रखते हैं

**चतरा से लौटकर बिनय मिश्रा**







राँची एटीएस का कार्यालय पुलिस अधीक्षक हैं ऋषभ कुमार झा

चतरा जिला का नाम सुनते ही कभी नक्सल एवं नशा कारोबारियों के लिए शरण स्थल माना जाता था। किन्तु 29वें पुलिस अधीक्षक के रूप में ऋषभ कुमार झा के अप्रैल 2020 में योगदान देने के पश्चात से उनकी पदस्थापना कार्यकाल 05 अगस्त 2021 तक श्री झा के बेहतर कार्यप्रणाली का ही यह परिणाम रहा है कि आज भी चतरा जिलावासी ऋषभ कुमार झा के बेहतर कार्यों को याद कर उन्हें लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक के रूप में अब भी बनाये रखा है।

भारतीय पुलिस सेवा 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी ऋषभ कुमार झा को ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राँची से चतरा जिला का पुलिस अधीक्षक बनाया गया। श्री झा के योगदान देने के पश्चात से ही जिला के सभी थानों में बेहतर विधि व्यवस्था के लिए किये गये कारगर उपाय काफी उपयोगी और सफल रहें। उनके द्वारा सुदुर एवं अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी निरंतर पुलिस की सक्रियता और दबिस का ही यह परिणाम रहा कि नक्सलियों को बैकफुट पर जाना पड़ा। कई नामी नक्सलियों को धर दबोचा गया। कईयों ने आत्मसमर्पण का सहारा लिया, उनके बेहतर और उत्कृष्ट कार्यकाल का ही यह परिणाम रहा कि श्री झा तत्कालीन डीजीपी नीरज सिन्हा से पुरूस्कृत होने के साथ-साथ उनके द्वारा कई बार सराहे भी गयें। इनके बेहतर कार्यप्रणाली का भी यह परिणाम रहा कि इन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इनके कार्यकाल के दौरान पुलिस और आम लोगों के बीच काफी बेहतर और प्रगाढ़ संबंध बनें। लोगों का पुलिस अधीक्षक के प्रति जो विश्वास कायम रहा वह आज भी बना हुआ है जो निश्चित तौर पर किसी भी जिला के लिए यह गौरव और उपलब्धि की बात है। वर्तमान समय में श्री झा एटीएस के एसपी हैं और इनके पदस्थापना काल के पश्चात एटीएस के द्वारा निरंतर कई उपलब्धि हासिल की गयी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा एटीएस को काफी उपलब्धि और कामयाबी का स्थान भी दिलाया गया। ऐसे आईपीएस अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने योजनाओं के वादों को पूरा करने पर जताई खुशी और संतुष्टि



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि उनके द्वारा किए गए विकास योजनाओं के हर वायदे को निभाने पर उन्हें गहरी खुशी और संतुष्टि है। उनका मानना है कि यह क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। तिर्की ने कहा कि जनता की सक्रिय भागीदारी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

सोमवार को मांडर प्रखंड के ग्राम मुड़मा में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है, और उन्हें खुशी है कि वे इस चुनौती में सफल होने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

इस अवसर पर ग्राम बरगड़ी, ग्राम चुन्द, ग्राम धौठा टोली, करगे पंचायत के ग्राम रेगे, ग्राम करगे के देवहा नाला सीरीज चेक डेम निर्माण, ग्राम हेसमी और ग्राम टांगरबसली बाजार टांड में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। तिर्की ने कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊँचा उठेगा।

इस शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, मुड़मा पंचायत अध्यक्ष सुरेश उरांव, ब्राम्बे पंचायत अध्यक्ष बंदना उरांव, और टांगर बसली पंचायत अध्यक्ष तस्लीम अंसारी सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

शिल्पी नेहा तिर्की ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता क्षेत्र का सर्वांगीण विकास है, और इसके लिए वे निरंतर कार्य कर रही हैं। उनका मानना है कि विकास की दिशा में यह पहल क्षेत्र के लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

## ग्रामीणों ने खुद से बना दिया पुल



**सिमडेगा:** कौन कहता है आसमान में सुराग नहीं हो सकता, जरा तबीयत से पत्थर तो उछालो यारो.. इस कहावत को चरितार्थ किया है जलडेगा प्रखंड के लंबाई करमापानी गांव के ग्रामीणों ने। सरकार और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी हुई तो 16 टोलों के ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए पुल का निर्माण कर दिखाया है। झापा के युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने श्रमदान से निर्मित पुल का उद्घाटन किया। और कहा कि झापा के जीत के साथ ही सबसे पहले लंबोई नदी में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि केवल धर्म के नाम पर लोगों को उकसाने का काम करते हैं, काम से उनका कोई लेना देना नहीं है। पूरे क्षेत्र में लोग विभिन्न तरह की समस्याओं से परेशान है, लेकिन जनता की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनोस एक्का जी ने अपने कार्यकाल में कार्य करके दिखाया है और आगे भी उनके मार्गदर्शन में बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा कि अभी भी झारखंड पार्टी जनता की समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने श्रमदान कर पुल बनाने वाले ग्रामीणों को भी बधाई देते हुए कहा कि कामचलाऊ पुल बन जाने से लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। खासकर मरीजों को अस्पताल पहुंचने में हो रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। साथ ही साथ छात्र भी आसानी से स्कूल कॉलेज जा पाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से जागरूक होने की बात कहते हुए कहा कि इस बार बदलाव के लिए वोट करना है, विकास के लिए वोट करना है,समस्या को दूर करने के लिए वोट करना है, सामाजिक और धार्मिक न्याय के लिए वोट करना है। मौके पर प्रखंड नोवेल हेरेंज,रसाल खलखो,पौलुस लुगून,सिमोन कन्डुलना, एशियन डांग, सिलमानी सुरिन, अंकित सुरीन,यरजान डांग सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## राम और कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**चाईबासा :** चांडिल बाजार के डैम रोड स्थित मुनका धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा विशिष्ट प्रसंग बुधवार को वामन अवतार, रामजन्म व कृष्णजन्म की कथा सुनकर भाव-विभोर हुए। श्रीधाम वृंदावन से आए कथावाचक पंडित सुरश चंद्र शास्त्री जी महाराज ने वामन अवतार, राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा का व्याख्यान किया। श्रीमद्भागवत कथा सुनने प्रतिदिन चांडिल बाजार समेत आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मुनका धर्मशाला पहुंच रहे हैं। कथावाचक के सुंदर व्याख्यान से श्रोता मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर बाद चार से सात बजे तक हो रही है। सप्ताह व्यापी श्रीमद्भागवत कथा विशिष्ट प्रसंग रविवार को कलश स्थापना के बाद श्रीमद्भागवत पूजन और भागवत का महत्व के व्याख्यान के साथ प्रारंभ हुआ था। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को बाल लीला व गोवर्धन पूजा का महात्म्य बताया जाएगा। छठे दिन शुक्रवार को महारास लीला एवं रूकमिणी विवाह का प्रसंग होगा। श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित पर कथा सुनाने के बाद भागवत को विश्राम दिया जाएगा। इस अवसर पर मुनका धर्मशाला में हवन यज्ञ कर पूणार्हूति दी जाएगी। कथा के बाद पूणार्हूति अनुष्ठान के संपन्न होने पर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## 13 को दिल्ली में सेमिनार व 14 को जंतर-मंतर पर होगा प्रदर्शन

**चाईबासा :** दुदुगर यात्रा दोलाबु दिल्ली 4 I0 कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आदिवासी हो समाज युवा महासभा, जिला कमिटी की बुधवार को बैठक हुई। बैठक चाईबासा के कला एवं संस्कृति हरिगुटू में हुई। इसमें जिलाध्यक्ष शेरसिंह बिरूवा की अध्यक्षता में तैयारियों पर चर्चा की गई। 13 सितम्बर को जयसिंह मार्ग पुलिस हेडक्वार्टर के सामने स्थित वाईएमसीए क्लब, नई दिल्ली में सेमिनार का आयोजन होगा। इसमें हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए विभिन्न राज्यों के लगभग 60-70 युवा नेतृत्वकत्ताओं को सेमिनार के माध्यम से पार्लिमेन्टरी प्रोशिडियोर, डेमोक्रेटिक राईट्स एण्ड रोल,सोशल लेवल पर डॉक्युमेन्ट स्टेज जैसे अन्य बिन्दुओं पर जागरूक किया जाएगा। भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए समाज में नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का प्रयास शामिल होगा। 14 सितम्बर को जंतर-मंतर, संसद मार्ग, नई दिल्ली में आदिवासी हो समाज युवा महासभा तथा ऑल इंडिया हो लैंग्वेज एक्शन कमिटी के तत्वाधान में धरना-प्रदर्शन होगा। उसके बाद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता सहित देश के राष्ट्रपति से मिलने के लिए भी समय मांगा गया है। पक्ष-विपक्ष के सभी नेताओं से लगातार संपर्क किया जा रहा है। यह भी तय किया गया है कि इन सभी माननीयों से मुलाकात करने के लिए जो भी समय लगे, उसके लिए कार्यक्रम समापन के 8-10 दिन बाद भी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में रूकेगा। लोगों को ठहरने के लिए चिन्योट सत्संग भवन, पहाड़गंज, नई दिल्ली में व्यवस्था की गई है। यहां 13 सितम्बर से 15 सितम्बर तक ठहरेंगे। सेमिनार के संचालन आदि अन्य कार्यक्रम की तैयारी के लिए महासभा की राष्ट्रीय टीम रांची से 10 सितम्बर को प्रस्थान कर चुकी है। उस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोग 12 सितम्बर को अपने-अपने निकटतम रेलवे स्टेशन से झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम आदि राज्यों से प्रतिनिधि प्रस्थान करेंगे।

## केरसई में भव्य करमा महोत्सव को लेकर कमिटी गठित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**केरसई।** केरसई ठअउ में भव्य करमा महोत्सव मनाने को लेकर सरना जन जागरण सेवा समिति की बैठक दुर्गा मंडप परिसर में हुई जिसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कमेटी का गठन किया गया जिसमें आकाश कुमार को अध्यक्ष बनाया गया। करमा महोत्सव की जानकारी देते हुए कमिटी के सचिव सुरजन बड़ाईक ने बताया कि करमा महोत्सव की पूरी तैयारी कर ली गई है इस महोत्सव में जान डालने के लिए अगल-बगल के तो कलाकार रहेंगे ही बाहर से भी 15 कलाकारों को बुलाया गया है जो झारखंड के संस्कृति नाच गान का प्रदर्शन करेंगे।14 तारीख को करम पूजा के बाद रात 10 बजे से नाच गान का कार्यक्रम है प्रखंड के जितने भी कलाकार हैं वह अपने ढोल मांदर के साथ कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

कार्यक्रम की सफलता हेतु गठित समिति अध्यक्ष आकाश कुमार उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद अमित कुमार विवेक कुमार पारस कुमार धीरज कुमार साहू प्रभात कुमार पवन कुमार शिवराम प्रसाद समीर नाग विकास प्रसाद प्रमोद प्रसाद संचालक पवन कुमार सूरज कुमार सचिव सुरजन बड़ाईक प्रिंस कुमार सूर्यप्रताप सहसचिव भरत पानिग्रहि अनलकान्त प्रसाद कोषाध्यक्ष विक्रम प्रसाद उप कोषाध्यक्ष संदीप कुमार पप्पू मीडिया प्रभारी राजकुमार सुमित कुमार सदस्य तरुण मांझी अभिषेक कुमार संजय प्रसाद(मुनु)सूरज कुमार चंदन कुमार संतोष प्रसाद विपुल कुमार सन्नी प्रसाद सूर्य प्रताप अनुज प्रसाद सुशांत कुमार प्रवीण कुमार सुभाष प्रसाद बिशिष्ट महिला सदस्य बसंती देवी संरक्षक प्रणव कुमार शशि प्रसाद रवि गुप्ता गौतम कुमार डॉ. शंभू नाथ मिश्रा प्रमोद प्रसाद अयोध्या प्रसाद हैं।

## सरना धर्म कोड के लिए संसद का दरवाजा खटखटाती रहूंगी : जोबा माझी

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**चाईबासा :** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने सरना धर्म कोड पर कहा कि आदिवासियों की पहचान-अस्तित्व के लिए बार-बार संसद का दरवाजा खटखटाती रहेंगी। सांसद जोबा माझी बुधवार को आनंदपुर प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में कुडुख सरना जागरण मंच मनोहरपुर-आनंदपुर प्रखंड कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करम पूर्व संध्या महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। सांसद ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने विशेष सत्र के माध्यम से सरना धर्म कोड को पास कर केंद्र सरकार के पास भेज दिया है। इसके लिए सरकार को बधाई देती हूं, लेकिन केंद्र सरकार से मांग है कि इस मांग को जल्द पूरा करें।

सांसद ने उपस्थित लोगों को करम महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि करम प्रेम, भाईचारा और प्रकृति से जुड़ने का माध्यम है। समाज की उन्नति और तरक्की के लिए एकजुट रहें। मौके पर सांसद समेत अन्य अतिथियों ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। महोत्सव के दौरान विभिन्न गांवों की मंडली ने नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम में अतिथियों को आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड समेत ओडिशा से भी समाज के लोग शामिल हुए। मौके पर पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, संरक्षक बोदे खलखो, युवा संरक्षक विमल किस्पोट्टा, अध्यक्ष रोबी लकड़ा, सचिव रमेश तिर्की, बंधना उरांव, तिला तिर्की, प्रमोद केरकेट्टा, मणिलाल केरकेट्टा, बुधेश्वर धनवार, रामचंद्र कच्छप, झामुमो नेता जगत माझी, संजीव गंताइत समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।